


# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


बाल दिवस आज



## खबर संक्षेप

### बिहार में किसकी सरकार, फैसला आज




**पटना।** बिहार में एनडीए या महागठबंधन की सरकार? यह शुक्रवार को नतीजों के बाद साफ हो जाएगा। राज्य के 38 जिलों के 46 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती सुबह 8 बजे से शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती होगी, जो 8 से 8:30 बजे के बीच स्कैनर से स्कैन करके की जाएगी। *(संबंधित खबर पेज 5 पर)*

### रॉ प्रमुख जैन को सुरक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** खुफिया एजेंसी 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' (रॉ) के प्रमुख पराग जैन को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। पंजाब कैडर के 1989 बैच के आईपीएस अधिकारी जैन ने एक जुलाई को दो वर्ष के कार्यकाल के लिए देश की बाह्य खुफिया एजेंसी का कार्यभार संभाला था। कैबिनेट समिति ने आदेश जारी किया है। *एजेंसी*

### गूगल मैप्स बताएगा एयर क्वालिटी इंडेक्स



**नई दिल्ली।** सर्दियों के मौसम में कई शहरों में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। गूगल ने इसी समस्या को हल करने के लिए एक्यूआई (एयर क्वालिटी इंडेक्स) फीचर लॉन्च किया है। अब आप अपने मोबाइल या कंप्यूटर पर ही किसी भी जगह की रियल टाइम हवा की स्थिति देख सकते हैं। इससे तय कर सकते हैं कि जाना ठीक रहेगा या नहीं। गूगल मैप्स पर ही किसी भी जगह की हवा की क्वालिटी देख सकते हैं। *एजेंसी*

### पुणे में हादसा : 25 गाड़ियां टकराईं, 9 लोगों की मौत



**पुणे।** पुणे के बाहरी इलाके में नवले ब्रिज के पास गुरुवार शाम एक ट्रक का ब्रेक फेल होने से 20 से 25 गाड़ियां आपस में टकरा गईं। ट्रक सबसे पहले एक कार से टकराया। कार आगे जा रहे कंटेनर से भिड़ गई और उसमें आग लग गई। ट्रक भी जल गया। हादसे में कार सवार 5 लोग जिंदा जल गए। ट्रक ड्राइवर समेत 9 लोगों की मौत हो गई। हादसे में करीब 20 लोग घायल भी हुए हैं। *एजेंसी*

## दिल्ली धमाका

### रोज हो रहे चौंकाने वाले खुलासे, पूरे देश को निशाना बनाने की साजिश का पर्दाफाश

**ये 3 बड़े खुलासे**

#### 1 मुजम्मिल ने जनवरी में लाल किले की रेकी की

**भीड़ और सुरक्षा का पैटर्न समझा**

दिल्ली को दहलाने की साजिश जनवरी से रची जा रही थी। गिरफ्तार आरोपियों के मोबाइल डंप डेटा से पता चला कि फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से गिरफ्तार असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मुजम्मिल गनी और धमाके में कथित रूप से मारे गए डॉ. उमर नबी ने जनवरी में कई बार लाल किले की रेकी की थी। दोनों ने सुरक्षा-और भीड़ का पैटर्न समझा था। आतंकियों की प्लानिंग 26 जनवरी पर लाल किले पर हमले की थी।

#### 2 6 दिसंबर को दिल्ली पर हमले का प्लान

**मुजम्मिल की गिरफ्तारी से बिगड़ा मामला**

उमर नबी दिल्ली में 6 दिसंबर को हमला करना चाहता था, लेकिन मुजम्मिल की गिरफ्तारी से प्लान बिगड़ गया। यह बात 8 आरोपियों से पूछताछ में सामने आई हैं। इस अंतरराज्यीय मॉड्यूल का केंद्र फरीदाबाद में था। गिरफ्तार आतंकियों में 6 डॉक्टर हैं। श्रीनगर का रहने वाला एक अन्य संदिग्ध डॉ. निसार फरार है। वह डॉक्टर्स एसोसिएशन ऑफ कश्मीर का अध्यक्ष भी है। अलफलाह में पढ़ा रहा था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने डॉ. निसार को बर्खास्त कर दिया है।

#### 3 खाद की बोरी बताकर विस्फोटक जुटाया गया

**पड़ोसियों ने कमरे में बोरियां रखते देखा**

फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी में काम कर रहा कश्मीरी डॉ. मुजम्मिल गनी खाद की बोरियां बताकर किराए के कमरे में विस्फोटक सामग्री जमा कर रहा था। 20 दिन पहले मुजम्मिल कमरे में कुछ बोरियां रखने आया था, तब पड़ोसियों ने उससे पूछा था कि इसमें क्या है? जवाब में मुजम्मिल ने कहा था कि ये खाद के कट्टे हैं। इन्हें कश्मीर ले जाना है। इस कमरे से 100 मीटर दूर एक मकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हैं। पुलिस ने फुटेज जब्त कर लिए हैं।

# बाबरी का बदला लेने के लिए देशभर में 32 कारों से हमले की थी साजिश

## धमाके से 17 घंटे पहले नूंह गया उमर, सुबह दिल्ली आया

**1 — 29 अक्टूबर शाम 4:20**
आई-20 कार का वडोदरा एक्सप्रेस वे पर पॉल्यूशन सर्टिफिकेट बनवाया सीसीटीवी में तारीक नजर आया। उसने उमर से यह गाड़ी खरीदी थी।

**2 — 10 नवंबर देर रात 1:36**
9 नवंबर की रात को नूंह पहुंचा। फिरोजपुर झिरका में ढाबे पर रुका। नूंह में गाड़ी में विस्फोटक रखा। दोपहर में सीसीटीवी में नजर आया।

**3 — 10 नवंबर सुबह 8:03**
बदरपुर बॉडर पर टोल से फरीदाबाद से दिल्ली जाते दिखी कार। उमर कार में सवार था। मास्क लगाकर चेहरा छिपाने की कोशिश की।

**4 — 10 नवंबर दोपहर 12:00**
उमर पुरानी दिल्ली की फैज-ए इलाही मस्जिद गया। 10 मिनट रुका, सीसीटीवी फुटेट में साफ चेहरा दिखाई दिया।

**5 — 10 नवंबर दोपहर 2:05**
कनॉट प्लेस के आउटर सर्किल में नजर आया। खुद आई-20 कार चला रहा था। सीसीटीवी में कार की स्पीड काफी तेज नजर आई।

**6 — 10 नवंबर शाम 06:22**
लालकिला पार्किंग की लाइन में कार दिखी। हाथ बाहर निकालकर पार्किंग स्टाफ से पर्ची ली। चेहरे पर मास्क था।

**7 — 10 नवंबर शाम 06:52**
लालकिला मेट्रो स्टेशन के सिग्नल पर 20 से ज्यादा गाड़ियां खड़ी थी। 6.52 पर सिग्नल ग्रीन हुआ, आई 20 गाड़ी आगे बढ़ी और ब्लास्ट हो गया। चारों तरफ आग लग गई।

**आसपास की गाड़ियों के परखच्चे उड़े। 13 लोगों की जान गई**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लाल किले के पास 10 नवंबर को हुए धमाके की जांच में गुरुवार को बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आतंकी 6 दिसंबर, यानी बाबरी मस्जिद ढहाए जाने की बरसी के दिन दिल्ली समेत कई जगह धमाके करना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने 32 कारों का इंतजाम किया था। इनमें बम और विस्फोटक सामग्री भरकर धमाके किए जाने थे। इनमें ब्रेजा, स्विफ्ट डिजायर, इकोस्पोर्ट और आई-20 जैसी गाड़ियां शामिल थीं। जांच एजेंसियों को अब तक चार कारें बरामद हो चुकी हैं। 10 नवंबर जिस आई-20 कार में धमाका हुआ था, वह इसी सीरियल अटैक का हिस्सा थी। ब्लास्ट से अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 20 लोग घायल हैं, जिनमें से तीन की हालत नाजुक बताई जा रही है।

**फरीदाबाद में अल-फलाह यूनिवर्सिटी की मान्यता रद्द**

### दिल्ली में सिक्योरिटी बढ़ाई गई

रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन व एयरपोर्ट पर सुरक्षा चाक चौबंद की गई

### धमाके में अब तक 13 की मौत

एक और घायल ने दम तोड़ा, 20 अन्य में से 3 की हालत गंभीर



फरीदाबाद में लाल कार की तलाशी लेती जांच एजेंसी

### तीसरी संदिग्ध कार फरीदाबाद में मिली

**दो लोगों को डिटेन किया गया**



**फरीदाबाद।** दिल्ली ब्लास्ट मामले में पुलिस ने गुरुवार को फरीदाबाद से इस मॉड्यूल से जुड़ी तीसरी ब्रेजा कार को बरामद किया। यह बरामदगी अल-फलाह यूनिवर्सिटी के अंदर से हुई। यह कार लेडी आतंकी डॉ. शाहीन के नाम पर बताई जा रही है। हरियाणा पुलिस की बम स्क्वॉड टीम ने करीब 3 घंटे तक कार की जांच की। इस दौरान 2 लोगों को डिटेन किया गया। उनसे पूछताछ की जाएगी। वहीं, दिल्ली में लाल किले के पास कार धमाका करने वाले आतंकी डॉ. उमर उन नबी के नाम वाली इको स्पोर्ट्स कार की जांच में खुलासा हुआ है कि इससे विस्फोटक की ढुलाई की गई थी। **यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई :** अखिल भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एयूआई) ने हरियाणा की अल-फलाह यूनिवर्सिटी की सदस्यता रद्द कर दी है। संघ ने यह कड़ा निर्णय दिल्ली धमाके में विश्वविद्यालय की संलिप्तता को लेकर लिया गया है।

**कानपुर के बाद हापुड़ से डॉक्टर को उठाया**

यूपी एटीएस एक्शन मोड में है। 24 घंटे के भीतर जम्मू-कश्मीर के रहने वाले दो डॉक्टरों को हिरासत में लिया है। आज दोपहर हापुड़ के मेडिकल कॉलेज से गायनेकोलॉजिस्ट डॉक्टर फारुख को उसके हॉस्टल से उठाया। फारुख ने फरीदाबाद से गिरफ्तार डॉ. मुजम्मिल शकील के साथ पढ़ाई की है। मुजम्मिल के पास ही विस्फोटक बरामद हुआ था।

**यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी**

दिल्ली पुलिस ने यात्रियों के लिए ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है। रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन और एयरपोर्ट पर समय से पहले पहुंचें। यात्रियों को ट्रेन छूटने से 1 घंटे पहले, मेट्रो के लिए 20 मिनट पहले और अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए 3 घंटे पहले पहुंचने की सलाह दी गई है।

# प्रदेश में 2.41 लाख पेंशनरों को राहत, केंद्र के डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट में शामिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के 2.41 लाख पेंशनरों को बड़ी राहत मिली है। सरकार ने केंद्र सरकार के द्वारा 1 नवंबर से 30 नवंबर तक देश में चलाए जा रहे राष्ट्रव्यापी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र अभियान 4.0 में शामिल होने की घोषणा की है। पेंशनभोगियों को अपने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र जमा करने में आसानी और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान पूरे हरियाणा में चलाया जाएगा। सरकार की ओर से अपील की गई है कि सभी पेंशनर इस अभियान का पूरा लाभ उठाएं और अपने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र को कोषागार कार्यालय में या जीवन प्रमाण पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से, अपने घर बैठे स्मार्टफोन का उपयोग करके जमा करें।

*घर बैठे मिलेगी सुविधा, नोडल अधिकारी नियुक्त, निर्बाध पेंशन वितरण सुनिश्चित हो सकेगी, पेंशनर इस अभियान का पूरा लाभ उठाएं*

**पीडीसी के संयुक्त निदेशक बने नोडल अधिकारी**

हरियाणा के कोषागार एवं लेखा विभाग की महानिदेशक सीजी रजनी कंथन ने बताया कि अभियान सफल रहे और सही से कोआर्डिनेट हो इसके लिए, पंचकूला के पेंशन संवितरण प्रकोष्ठ के संयुक्त निदेशक, राकेश राठी को राज्य नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जबकि हरियाणा (चंडीगढ़ सहित) के सभी कोषागार अधिकारियों को उनके संबंधित जिलों के लिए उप-नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अभियान के सुचारू एवं सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कोषागार अधिकारियों को सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं।

**प्रक्रिया को सरल बनाना उद्देश्य**

इस पहल से लगभग 2.41 लाख हरियाणा सरकार के पेंशनभोगी और पारिवारिक पेंशनभोगी लाभान्वित होंगे, जो ई-पेंशन के माध्यम से कोषागारों, उप-कोषागारों और पेंशन वितरण बैंकों (एसबीआई, पीएनबी, बीओआई, यूबीआई, सीबीआई, केनरा बैंक) के माध्यम से पेंशन प्राप्त करते हैं। इस अभियान का उद्देश्य पेंशनभोगियों को सरल डिजिटल तरीकों से अपने डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (डीएलसी) जमा करने में सुविधा प्रदान करना है, जिससे समय पर और निर्बाध पेंशन वितरण सुनिश्चित हो सके।

**डीसी लेंगे फैसला, छुट्टी करनी है या नहीं**

## बढ़ते प्रदूषण के चलते ऑनलाइन लगेंगी पांचवीं तक की कक्षाएं

**पंचकूला।** हरियाणा में प्रदूषण के चलते ग्रैप-3 की पाबंदियां लागू होने के बाद दिल्ली-एनसीआर के क्षेत्र के स्कूलों में 5वीं तक क्लास बंद करने का फैसला लिया जा सकता है। शिक्षा निदेशालय ने हालात के अनुसार फैसला लेने के लिए सभी जिलों के डीसी को जिम्मेदारी सौंपी है। हरियाणा शिक्षा निदेशालय ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र जारी कर कहा है कि दिल्ली-एनसीआर में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) काफी बढ़ गया है। इसलिए गाइडलाइन के अनुसार, 5वीं तक के बच्चों की ऑनलाइन क्लास ही लगाई जाएं। यह नियम सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में लागू होगा। जींद जिले में सरकारी व निजी स्कूलों का अवकाश घोषित किया गया है। आगामी आदेशों तक छुट्टी रहेगी। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जींद जिले का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 दर्ज किया गया है, जो 'अत्यंत गंभीर श्रेणी' में आता है।

■ जींद में वायु गुणवत्ता सूचकांक 418 रहा

## घर खरीदारों के साथ 14599 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी की

# धन शोधन में जेपी इंफ्राटेक के एमडी मनोज गौड़ गिरफ्तार



**पीएमएलए के तहत हिरासत में लिया गया परियोजनाएं अधूरी रह गई, निवेशकों का पैसा डूबा**

**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को रियल्टी कंपनी 'जेपी इंफ्राटेक लिमिटेड' के पूर्व प्रबंध निदेशक (एमडी) मनोज गौड़ को घर खरीदारों के साथ 14,599 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच में गिरफ्तार किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कारोबारी को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत हिरासत में लिया गया है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि घर खरीदारों से एकत्रित धनराशि को विभिन्न ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया, जिससे परियोजनाएं अधूरी रह गईं और निवेशकों के साथ धोखाधड़ी हुई। ईडी ने पाया कि गौड़ जेपी सेवा संस्थान (जेएसएस) के प्रबंध ट्रस्टी हैं, जिसे स्थानांतरित निधि का कुछ हिस्सा प्राप्त हुआ था।

## लुधियाना में 10 आईएसआई के एजेंट गिरफ्तार

# मलेशिया में बैठे तीन गुर्गों के जरिए पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे

एजेंसी ▶▶| लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में पुलिस ने पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से संचालित किए जा रहे मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने पाकिस्तानी हैंडलर्स के इशारों पर काम कर रहे 10 बड़े गुर्गों को गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ये आरोपी मलेशिया में बैठे तीन गुर्गों के माध्यम से पाकिस्तान हैंडलर्स के संपर्क में थे, ताकि हैंड ग्रेनेड को भारत पहुंचाया जा सके। हैंडलर्स द्वारा आरोपियों को

**पंजाब में ग्रेनेड हमला करना टारगेट**

पंजाब में अशांति पैदा करने के लिए आबादी वाले क्षेत्र में ग्रेनेड हमला करने का काम सौंपा गया था। मगर, हमले से पहले ही पुलिस ने इन्हें दबोच लिया है, जिनमें मलेशिया में बैठे राजस्थान निवासी गुर्गे अजय का भाई भी शामिल है। पुलिस अब इन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है, ताकि इन लोगों के भारत में सभी कॉन्टैक्ट्स तक पहुंचा जा सके।

**पंजाब पुलिस खंगाल रही पूरा नेटवर्क**

आरोपियों में पंजाब के फरीदकोट के सुखजीत सिंह उर्फ सुख बराड़, सुखविंदर सिंह, श्री मुक्तसर साहिब के साजन कुमार उर्फ संजू, कुलदीप सिंह, शेखर सिंह और अजय सिंह उर्फ अजय शामिल है। राजस्थान के श्रीगंगानगर का रहने वाला करणवीर सिंह उर्फ विक्की भी शामिल है। विदेश में बैठे अजय मलेशिया के स्थानीय साथी अमरीक सिंह तथा परमिंदर उर्फ चिरी थे, इनको भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अमरीक सिंह, परमिंदर सिंह उर्फ चिरी और विजय को मिलाकर कुल 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## रेवाड़ी के तीन थानों की पुलिस के बीच निकली बारात

**वर्षों से चली आ रही कुप्रथा पर लगा विराम**

# पुलिस की कड़ी सुरक्षा के साथ 150 साल बाद घोड़ी पर बैठा अनुसूचित जाति का दूल्हा

**रेवाड़ी (हरिभूमि न्यूज)।** रेवाड़ी के बावल क्षेत्र स्थित खेड़ी डालू सिंह गांव में 150 साल बाद पहली बार गुरुवार को अनुसूचित जाति के युवक की बारात घोड़ी पर निकली। इस दौरान डीएसपी और 3 थानों की पुलिस तैनात रही। बारात गांव से अटेली के लिए रवाना हुई है। जानकारी के अनुसार, गांव खेड़ी डालू सिंह में आजादी के बाद से अब तब अनुसूचित जाति के किसी भी युवक की घुड़चढ़ी नहीं निकाली गई थी। यह कुप्रथा वर्षों से चली आ रही थी और दूल्हे अंकित के परिजनों को किसी अप्रिय घटना की आशंका थी। निकासी निकलने के बाद पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली।

**निकासी के समय घोड़ी पर नहीं बैठने देते**

गांव के युवक अंकित की शादी 13 नवंबर को तय हुई थी। शादी से पहले बनवारा की परंपरा निभाई जाती है। दूल्हा पक्ष के लोगों का कहना है कि गांव के स्वर्ण जाति के लोग बनवारा निकालते समय तो दूल्हे को घोड़ी पर बैठने देते हैं, परंतु बारात जाने से पहले निकासी निकालते समय दूल्हे को घोड़ी पर नहीं बैठने देते। दूल्हे अंकित के परिवार के सदस्य अशोक कुमार ने बताया कि निकासी के समय दूल्हे को घोड़ी पर बैठाते समय गांव में विवाद की आशंका थी, जिस कारण एसडीएम बावल संजय को पहले ही शिकायत दर्ज करा दी गई।



**पुलिस सुरक्षा में डीजे पर जमकर डांस :** गांव में कड़ी सुरक्षा के बीच जब दूल्हे अंकित को घोड़ी पर बैठाया गया, तो परिजनों से लेकर रिश्तेदारों तक ने डीजे के सामने जमकर डांस किया। निकासी शांतिपूर्ण ढंग से निकली। परिजनों ने शिकायत के बाद तुरंत पुलिस सुरक्षा मुहैया कराने पर एसडीएम बावल और पुलिस प्रशासन का आभार भी जताया।

**पशुपालन विभाग में कार्यरत है दूल्हा**

पशुपालन विभाग में कार्यरत दूल्हे अंकित ने बताया कि गांव बनने के बाद से ही यह कुप्रथा चली आ रही थी। उन्होंने कहा कि कई लोगों ने पहले भी प्रयास किए थे, लेकिन सफल नहीं हो पाए। किसी अनहोनी की आशंका के चलते परिवार ने मानवाधिकार आयोग, रेवाड़ी पुलिस और प्रशासन को शिकायत दी थी।

मुख्यमंत्री 'म्हारी सड़क एप' पर शिकायतों को लेकर सख्त, समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# समय पर नहीं की सड़क की मरम्मत, अब नपेंगे 19 अफसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने म्हारी सड़क एप की कुछ शिकायतों को बिना पूर्ण निवारण के बंद करने और शिकायतों का ठीक से निपटान न करने को लेकर विभिन्न विभागों के सम्बंधित 19 कार्यकारी अभियंताओं पर विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इनमें पीडब्ल्यूडी के 2, एचएसएएमबी के 6, एसएसआईआईडीसी के 2, जिला परिषद का 1, यूएलबी के 5 और एसएसवीपी के 3 कार्यकारी अभियंता शामिल है। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिए कि जो ठेकेदार तैय समय सीमा में शिकायतों का निवारण नहीं कर रहे हैं, संबंधित विभाग उनके खिलाफ भी कार्यवाही करे।मुख्यमंत्री ने यह निर्देश 'म्हारी सड़क ऐप' पर आई शिकायतों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जो भी कार्य दिया जाता है या लोगों की कोई शिकायत आती है तो उसका समाधान धरातल पर शत प्रतिशत दिखना चाहिए।

## समाधान के बाद ही शिकायत बंद करें

### सड़कों पर सफेद पट्टी लगाना सुनिश्चित करें

नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी आम जनता द्वारा एप पर भेजी गई सड़कों की शिकायतों के पूर्ण समाधान के बाद ही शिकायत को बंद करे, यदि किसी शिकायत को संबंधित अधिकारी ने बिना समाधान के बंद किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। साथ ही, प्रदेश की सड़कों पर सफेद पट्टी व साइन बोर्ड लगवाने भी सुनिश्चित किए जाए। उन्होंनेने कहा कि अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि एप पर शिकायत आते ही उसको तय समय सीमा में पूरा किया जाए ताकि जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।



### दयालु-II योजना पोर्टल का शुभारंभ

*चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश मे किसी भी नागरिक की आवारा पशुओं से होने वाली दुर्घटना में मृत्यु या दिव्यांगता होने पर दयालु योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए दयालु-II योजना पोर्टल का सरलीकरण किया गया है। मुख्यमंत्री आज चण्डीगढ में दयालु-II योजना पोर्टल का शुभारम्भ कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि दयालु -II पोर्टल सरकार की पारदर्शी और सरल सेवा वितरण की दिशा में एक ओर महत्वपूर्ण कदम होगा। इस डिजिटल पहल से पात्र परिवारों को इस योजना का लाभ ओर अधिक तेजी व सटीकता के साथ मिलेगा। योजना का लाभ डीबीटी के माध्यम से सीधा उनके बैंक खाते में भेजा जाएगा।*

### ब्रहमसरोवर व ज्योतिसर के जीर्णोद्वार का कार्य मेला शुरू होने से पहले पूरा करें

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के तहत होने वाले सभी कार्यो को निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए और विकास कार्यों में गुणवता का विशेष ध्यान रखा जाए। यदि किसी कार्य में कोई लापरवाही व कोताही बरती जाएगी तो उसे बर्दास्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के अधीन आने वाले तीर्थ स्थलों के जीर्णोद्धार, नवीनीकरण, सौन्दर्यकरण आदि को लेकर किए जाने वाले विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रहमसरोवर, ज्योतिसर तीर्थ के कार्य प्राथमिकता के आधार पर मेला शुरू होने से पहले पूरे कर लिये जाएं ताकि जनता को उनका लाभ आसानी से मिल सके।

### राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह पर राज्य स्तरीय समारोह आज

चंडीगढ़। चसहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल मार्गदर्शन और केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता विभाग राष्ट्रीय स्तर पर 72वां सहकारिता सप्ताह मनाने जा रहा है। आत्मनिर्भर भारत अभियान में सहकारिता माध्यम थीम पर मनाए जा रहे इस आयोजन को प्रदेश में भी बड़े जोर-शोर के साथ मनाया जाएगा। 14 नवंबर को सोनीपत में राज्यस्तरीय कार्यक्रम होगा।

### लिपिकों की हड़ताल अवधि को माना जाएगा लीव ऑफ द काइंड ड्यू

चंडीगढ़। सरकार ने लिपिकों की 12 अगस्त से 16 अगस्त, 2024 तक की हड़ताल अवधि को देय अवकाश (लीव ऑफ द काइंड ड्यू) के रूप में मानने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जिनके पास वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव का दायित्व भी है, द्वारा आज इस संबंध में एक पत्र जारी किया गया है। पत्र के अनुसार, इस अवधि को अर्जित अवकाश, हाफ पे लीव अथवा अग्रिम अर्जित अवकाश में से समायोजित किया जाएगा। सरकार के आदेशों के अनुसार, सबसे पहले इस अवधि का समायोजन कर्मचारियों के उपलब्ध अर्जित अवकाश से किया जाएगा। यदि अर्जित अवकाश पर्याप्त नहीं हों, तो हाफ पे लीव से समायोजन किया जाएगा।

### सीएमओ की सीधी भर्ती व अन्य मांगों को लेकर चिकित्सकों ने किया प्रदर्शन

चंडीगढ़। प्रदेशभर में डाक्टरों ने एसएमओ की सीधी भर्ती व अन्य मांगों के लेकर वीरवार को डीजी मुख्यालय पर जमकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया। डीजी हेल्थ (वन) को सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डाक्टरों की डीजी हेल्थ से तीखी बहस हुई और उनकी मांगों को लेकर उदासीनता दिखाने पर नाराजगी जाहिर की। डीजी हेल्थ मनीष बंसल ने डाक्टरों को आश्वस्त किया कि वे उनकी मांगों को लेकर सरकार तक ज्ञापन पहुंचाने का आश्वासन दिया। डाक्टरों ने सुबह जहां गेट मीटिंग की और पूरे राज्य से आए प्रतिनिधियों ने चर्चा की। इस दौरान मौके पर पुलिस फोर्स भी एकत्र थी, शोरगुल व नारेबाजी के बीच में डीजी को ज्ञापन लेने के लिए बाहर बुलाने की शर्त रखी। डॉक्टर मांगों को लेकर विरोध कर रहे है।


**कार्यालय : महा प्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन झज्जर**
ई-मेल : gmhrjjr@gmail.com, hrtjjr@hry.nic.in
O/O GENERAL MANAGER HARYANA ROADWAYS, JHAJJAR
Website : www.hartrans.gov.in

**निविदा सूचना**

ऑनलाइन प्रणाली अर्थात तकनीकी और वित्तीय बोली में वर्णित अनुसार गतिविधियों को किराये पर लेने अर्थात 1. झाडू. द्वारा बसों की सफाई, 2. हरियाणा रोडवेज, झज्जर डिपो की बसों की धुलाई हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | मदों का नाम | लगभग मूल्य (लाख प्रति वर्ष में) | ईएमडी जमा (रु. में) | निविदा सं. | बोली तैयारी और जमा की प्रारम्भ तिथि व समय | बोली तैयारी और जमा की अन्तिम तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. झाडू. द्वारा बसों की सफाई, 2. बसों की धुलाई | 10.00 | 50,000/- | 4533/बीसी दिनांक 13.11.2025 | 20.11.2025 पूर्वा. 10.00 बजे से प्रारम्भ | 30.11.2025 अप. 15:00 बजे तक |

टिप्पणी :- विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट www.etenders.hry.nic.in/ पर पधारें।

हस्ता/- महाप्रबंधक,
हरियाणा रोडवेज, झज्जर

पीआरडीएच-1119/11/752/2026/40282/88/6 दि. 13.11.25


कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

## किसानों को मुआवजा देने व धान घोटाले की जांच करवाने की मांग



**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा और हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र के नेतृत्व में कांग्रेस विधायक दल ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में भारी बारिश से किसानों को हुए नुकसान, धान की खरीद में हुए घोटाले, प्रदेश में बढ़ते अपराध और राशन कार्ड घोटाले पर संज्ञान लेने की मांग की गई। नेता प्रतिपक्ष हुड्डा ने राज्यपाल के साथ करीब आधे घंटे तक लंबी बातचीत की और उन्हें सभी मुद्दों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश कांग्रेस विधायक दल राज्यपाल का ध्यान प्रदेश की गंभीर स्थितियों की ओर आकर्षित करना चाहता है।

### खेत अभी भी जलमग्न

पिछले दिनों प्रदेशभर में हुई भारी वर्षा के कारण किसानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ है। धान, कपास और अन्य खरीफ फसलों के खेत जलमग्न हो गए हैं, जिससे किसानों को आर्थिक रूप से गहरा आघात पहुंचा है। अनेक किसानों की फसलें पूरी तरह से नष्ट हो चुकी हैं, परंतु सरकार की ओर से अब तक न तो सही सर्वे किया गया है और न ही मुआवजे की कोई ठोस घोषणा हुई है। अत्यधिक बारिश के कारण इस बार की फसल तो बर्बाद हुई है और अभी तक जल भरा हुआ है, इसलिए अगली फसल की बुवाई भी संभव नहीं है।

## ग्रुप-सी पदों की मांग नए सिरे से अपलोड करें

चंडीगढ़। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं कि वे पूर्व अग्निवीरों के पदों को छोड़कर, ग्रुप-सी पदों की नई और वापस ली गई मांगों (रिक्विजिशन) को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के पोर्टल पर 15 नवंबर तक अनिवार्य रूप से अपलोड करें। इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों तथा बोर्डों एवं निगमों के प्रबंध निदेशकों/मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा समूह-सी पदों के लिए समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) का आयोजन 26 और 27 जुलाई, 2025 को किया गया था। इसके उपरांत राज्य सरकार द्वारा हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (ग्रुप-सी एवं ग्रुप-डी की भर्ती प्रक्रिया) नियम, 2025 अधिसूचित किए गए। इन नियमों के तहत राज्य सरकार के अधीन सभी विभागों और संगठनों को संबंधित सेवा नियमों में निर्दिष्ट पात्रता मानदंडों का पालन करते हुए, अपने रिक्त ग्रुप-सी पदों की मांग आयोग को निर्धारित प्रारूप में भेजनी होती हैं।


**कार्यालयः- महाप्रबन्धक हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।**

**निविदा सूचना**

निदेशालय राज्य परिवहन हरियाणा चण्डीगढ विभाग द्वारा दिए गए निर्देशानुसार हरियाणा राज्य परिवहन जीन्द की बसों / वाहनों द्वारा बस स्टैण्ड जीन्द के पांच कि०मी० एवं नरवाना व सफीदों उपकेन्द्रों के 10 कि0मी0 के दायरे में आने वाले पेट्रोल पंप से कम से कम 15 दिन (अथवा जो भी समयावधि सरकार द्वारा निर्धारित की जाएगी) के लिए अनिवार्य रूप से प्रतिदिन निम्न सारणी अनुसार डीजल लिया जाएगाः-

| क्र० सं० | क्षेत्र का नाम | डीजल की मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | जीन्द नया बस स्टैण्ड | लगभग 7500 लीटर प्रतिदिन |
| 2. | नरवाना बस स्टैण्ड | लगभग 2500 लीटर प्रतिदिन |

उपरोक्त बारे मे केवल दायरे के अंदर आने वाले सभी पेट्रोल पंप डीलरों को इस निविदा सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि इच्छुक डीलर अपनी कुटेशन बंद लिफाफे में दिनांक 21.11.2025 को सुबह 10 बजे तक कार्यालय महाप्रबंधक हरियाणा राज्य पविहन जींद में जमा करवाना सुनिशिचत करें। फर्म को भुगतान 15 कार्य दिवस में किया जाएगा। फर्म/पेट्रोल पंप डीलर के पास बसों को डीजल देते समय खड़ा रहने का उचित स्थान होना तथा आने जाने को रास्ता सुगम होना अनिवार्य है ताकि शहर में / पब्लिक को किसी भी तरह के जाम का सामना न करना पड़े। पेट्रोल पंप डीलर को विभाग के कर्मचारियों को बैठने के लिए उचित स्थान भी उपलब्ध कराना होगा। इसके अतिरिक्त यदि पेट्रोल पंप पर आने व जाने के समय भीड़/जाम की स्थिति में विभाग के वाहनों के चालान किया जाता है या वाहनों को प्रशासन द्वारा पेट्रोल पंप तक जाने की अनुमति नहीं दी जाती है तो फर्म के साथ अनुबंध रद्द कर दिया जाएगा। सशर्त कोई भी निविदा विभाग द्वारा स्वीकार नहीं की जाएगी। पेट्रोल पंप इस डिपो को डीजल की स्पलाई निरंतर करते रहेंगे व किसी अपरिहार्य कारणों के कारण स्पलाई बंद करते हों तो एक हफ्ते पहले लिखित में डिपो को सूचित करना होगा।

**नोटः- 15 दिनों के बाद अनुबंध आगे बढ़ाया जाएगा या नहीं। इस बारे विभाग द्वारा आकलन किया जाएगा। सफल कुटेशनधारक को सरकार/विभाग द्वारा समय-समय पर जारी सभी दिशानिर्देश/हिदायतों की शर्तों की पालना करना होगा।**

हस्ता/-महाप्रबंधक,
हरियाणा राज्य परिवहन, जीन्द।

पीआरडीएच-1119/11/751/2026/40278/88/6 दि. 13.11.2025





## सूबे में 'सनातन एकता पदयात्रा' पूरी: होडल में बोले, धीरेंद्र शास्त्री

# डॉ. मुल्ला मत बनो, नहीं तो पूरी कौम को दिक्कत होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| होडल(फरीदाबाद)

सूबे में बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की 'सनातन एकता पदयात्रा' 6 दिन के बाद गुरुवार को अपनी यात्रा पूरी कर यूपी में पहुंच गई। गुरुवार को यात्रा होडल अनाज मंडी से शुरू हुई। यहां धीरेंद्र शास्त्री की तबीयत बिगड़ गई थी।

उन्हें सड़क पर लेटाया गया और डॉक्टरों की विशेष टीम ने इलाज किया। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि दिल्ली में आतंकवादी हमला था। उन्होंने कहा कि हमारी यात्रा को भी टारगेट कर हिंदुओं को डराने की कोशिश की। हम बता देते हैं कि मौलवी मदरसे में बच्चों को डॉ. कलाम बनाएं, डॉ. मुल्ला नहीं। नहीं तो पूरी कौम को दिक्कत होगी। दोपहर बाद यात्रा बॉर्डर को पारकर यूपी में प्रवेश कर गई। यूपी बॉर्डर पर यात्रा का भव्य स्वागत हुआ। यात्रा ने गुरुवार को करीब 8 किलोमीटर का सफर तय किया। यात्रा में हरियाणा के अलावा, यूपी, एमपी, महाराष्ट्र के लोग भी शामिल हैं। फरीदाबाद का एक युवक आई लव सनातन धर्म का बोर्ड लेकर शामिल हुआ।

### होडल में बागेश्वर धाम के प्रमुख की तबीयत फिर से बिगड़ी यात्रा 6 दिनों में हरियाणा में रही, कई राज्यों के लोग पहुंचे



- श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की वेशभूषा में यात्रा में शामिल हुए भक्त
- बागेश्वर धाम प्रमुख 16 नवंबर को 3 .0 यात्रा की भी कर सकते हैं घोषणा

### 16 नवंबर को महा हिन्दू सम्मेलन 4 धाम वृंदावन में होगा

शास्त्री ने कहा कि मथुरा का कलंक मिटाने के लिए 16 नवंबर को महा हिन्दू सम्मेलन 4 धाम वृंदावन में होगा। इसमें बड़ी संख्या में लोग जुटेंगे। धीरेंद्र शास्त्री कहते हैं कि दूसरों को काफिर कहने वालों के अंदर मजहबी सोच है। मौलवियों को हमारा संदेश है कि बच्चों को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाओ। मदरसे की तालीम आतंकवादी वाली है। उन्हें कट्टरपंथी वाली सोच का नहीं होना चाहिए। नहीं तो आपकी कौम को देश में रहने में खतरा होगा। दिल्ली में किया गया हमला आतंकवादी था। उन्होंने हमारी यात्रा को भी टारगेट करने की कोशिश की थी। वे हिंदुओं को डराना चाहते थे, ताकि हिंदू यात्रा से अलग हो जाएं। शास्त्री ने कहा कि हिंदू एक नहीं हुआ तो हर गली-मोहल्ले में बम फूटेंगे। 16 नवंबर को 3.0 यात्रा की घोषणा करेंगे।

# हत्यारोपी पूर्व सरपंच को हथकड़ी लगाकर कराई परेड, कान पकड़वा माफी मंगवाई, सिर मुंडवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

पीपली गांव में 10 नवंबर को हुए अजय हत्याकांड में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव के पूर्व सरपंच रामनिवास उर्फ निवासा को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश करने से पहले थाना चौक से अस्पताल तक पैदल परेड निकाली। सड़कों पर जुलूस निकालकर परेड कराई। आरोपी को हथकड़ी लगाई और कान पकड़वा कर माफी भी मंगवाई। इस दौरान उसका सिर भी मुंडा दिखा। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस और भारी भीड़ मौके पर मौजूद रही। अस्पताल में आरोपित की मेडिकल जांच कराई, इसके बाद कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया। आरोपी पर काफी मुकदमे दर्ज हैं।

- कार्रवाई के दौरान भारी भीड़ रही

### अपराध की छवि खत्म करने को उठाया कदमः पुलिस

पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ समाज में भय और अपराध की छवि खत्म करने के लिए यह कदम उठाया गया है। डीसीपी क्राइम नरेंद्र सिंह के सामने भी आरोपी रामनिवास को पेश किया गया, जहां उससे कान पकड़वाकर माफी मंगवाई गई।


**पुलिस ने आरोपी के हाथ में हथकड़ी लगाकर सड़कों पर पैदल चलाया**



### अमेरिका से डिपोर्ट होकर आया था रामनिवास

करीब छह महीने पहले आरोपी रामनिवास को अमेरिका से डिपोर्ट कर भारत लाया गया था। उस समय भी सोनीपत पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। साल 2023 में उसने शराब कारोबारी भूपेंद्र पर गोलियां चलाई थीं और फरार हो गया था, जिसके बाद उस पर 5000 का इनाम घोषित किया गया था।

### ये है मामला



मृतक अजय का फाइल फोटो।

बीपीएल योजना के तहत मिले प्लॉट को लेकर विवाद में 25 वर्षीय अजय की लाठी-डंडों से पिटाई की गई थी। इसके बाद अजय की मौत हो गई थी। मरने से पहले अजय ने बताया था कि हमला पूर्व सरपंच रामनिवास के कहने पर ललित, दीपक, कपिल और अजय ने किया था। पुलिस ने रामनिवास की गिरफ्तारी के बाद अन्य की तलाश तेज कर दी है। जांच में सामने आया है कि चार-पांच महीने पहले इसी प्लॉट को लेकर अजय और ललित में झगड़ा हुआ था, जो रंजिश में बदल गया। 10 नवम्बर को गांव पिपली निवासी अजय ने पुलिस को बयान दिया था कि आज वह खरखौदा में जिम से घर कार में सवार होकर जा रहा था। रात 8 बजे के करीब गांव के सरकारी स्कूल के पास पहुंचा तो ललित ने थार गाड़ी उसकी कार के आगे अड़ा दी। इसके बाद दो गाड़ियां और आई। जिसमें से 8-10 युवक उतरे, जिन्होंने लाठी डंडों से पिटाई की। अपने ब्यानों में अजय ने ललित, दीपक, कपिल, अजय के नाम लेते हुए आरोप लगाया कि रामनिवास निवासी पीपली के कहने पर उसके साथ मारपीट की गई।

### ग्रामीण बोले-पुरानी रंजिश के चलते हमला

ग्रामीणों के अनुसार, अजय का कुछ महीने पहले गांव में प्लाट को लेकर झगड़ा हुआ था। अजय शादीशुदा था और उसकी एक छोटी बेटी है। पिता की काफी साल पहले मौत हो चुकी है। परिवार में अब मां, बड़ा भाई और उसकी पत्नी व बेटी पीछे रह गए हैं। अजय खेतीबाड़ी करता था। माना जा रहा है कि उसी विवाद की रंजिश में इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर मुख्य आरोपी पूर्व सरपंच रामनिवास को पकड लिया है। रामनिवास पर अब तक हत्या, हत्या के प्रयास और लूट जैसे 10 से अधिक गंभीर मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस का कहना है कि वह इलाके में लंबे समय से भय का कारण बना हुआ था। अब पुलिस रिमांड के दौरान उससे हत्या की साजिश में शामिल अन्य आरोपियों के बारे में पूछताछ करेगी।

## मुलानाः शादी समारोह में मामूली विवाद

# डीजे पर डांस को लेकर पुलिस जवान की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

शादी समारोह में हरियाणा पुलिस के जवान की कुछ युवकों ने मामूली विवाद को लेकर पीटकर हत्या कर दी। मृतक यहां के कंबासी गांव का रहने वाला अमन कुमार था। वह यमुनानगर में बतौर सिपाही तैनात था। अमन मौसेरे भाई की शादी में शामिल होने गया था। समारोह में डीजे पर नाचने को लेकर कुछ युवकों में विवाद हो गया। बढ़े विवाद में युवकों ने पुलिसकर्मी को खूब पीटा। आनन-फानन में गंभीर रूप से घायल अमन को परिजनों ने तुरंत एमएम अस्पताल ले गए। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मुलाना थाना पुलिस ने अमन के भाई सुनंदन की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में शुभ माजरी (यमुनानगर) के टिंकू, रोहित, अमन और सोनू सहित अन्य युवकों को नामजद किया गया है।

### *जयमाला में हुआ था विवाद*

*12 नवंबर को अंबाला के सिरसगढ़ गांव में अमन कुमार(35) की मौसी की बेटी की शादी थी। अमन भाई सुनंदन के साथ समारोह में शामिल होने पहुंचे थे। देर शाम जयमाला के दौरान डीजे पर डांस को लेकर कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया। सुनंदन ने बताया कि शाम करीब 5:30 बजे वह और उसका भाई अमन घर जाने के लिए निकले, तो झगड़े की आवाजें सुनाई दी।*

### *डंडा लगने से हुआ अचेत*

*सुनंदन और चाचा शुभम मौके पर पहुंचे तो देखा कि दो युवकों ने अमन को पकड़ा था। दो से तीन युवक रॉड और डंडों से सिर पर वार कर रहे थे। सुनंदन भी हमला किया। अमन के सिर पर डंडे मारे। जिससे वह अचेत होकर नीचे गिर गया। इसके बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस सभी की तलाश कर रही है। पुलिस ने मामला दर्ज किया है। शुभ माजरी (यमुनानगर) निवासी टिंकू, रोहित, अमन और सोनू सहित अन्य युवकों को नामजद किया है।*

### पलवल चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**चंडीगढ़।** पलवल से भाजपा के विजयी उम्मीदवार और राज्य मंत्री गौरव गौतम के खिलाफ कांग्रेस नेता करण सिंह दलाल की चुनाव याचिका पर पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। दलाल ने आरोप लगाया है कि गौतम ने चुनाव प्रचार के दौरान धर्म व सांप्रदायिक भावनाओं का सहारा लिया, जिससे उन्हें चुनाव में हार का सामना करना पड़ा। दलाल, जो पलवल से कई बार विधायक और पूर्व मंत्री रह चुके हैं, ने याचिका में कहा कि गौरव गौतम का चुनाव भ्रष्ट आचरण के तहत रद्द किया जाए। गौरव गौतम की ओर से पेश हुए वकील ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि किसी धार्मिक सभा में भगवान या धर्म के नाम पर वोट नहीं मांगे।

### एफसीआर ने पेपरलेस प्रणाली की समीक्षा की

**चंडीगढ़।** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग वित्त आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने हरियाणा की पेपरलेस पंजीकरण प्रणाली की प्रगति और क्षेत्र-स्तरीय कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिए सभी उपायुक्तों के साथ विस्तृत वीडियो कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता की। डॉ. मिश्रा ने दक्षता और नागरिक सुविधा बढ़ाने के उद्देश्य से कई बड़े सुधारों की घोषणा की। अनुमोदन में तेजी लाने और तेज सेवा वितरण सुनिश्चित करने के लिए आवेदनों पर मौजूदा पांच दिन का रिवर्ट समय जल्द कम कर दिया जाएगा। डेटा को आकस्मिक नुकसान से बचाने के लिए, सभी भरे हुए दस्तावेज़ अब डिलीट होने से पहले 72 घंटों के लिए स्वचालित रूप से सेव हो जाएंगे।

### कैथलः धान अवशेषों में आग लगाने पर दो नामजद

**कैथल।** पुलिस थाना कलायत ने धन अवशेषों में आग लगाने के आरोप में एक किसान के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मामला कृषि एवं किसान कल्याण विभाग कलायत के कृषि पर्यवेक्षक राकेश कुमार की शिकायत पर दर्ज किया गया है। राकेश कुमार ने आरोप लगाया कि हरसेक एप से बाता के किसान संजय द्वारा धान अवशेषों में आग लगाए जाने की सूचना सही मिली। दूसरे मामले में हल्का पटवारी कैथल ईश्वर सिंह की शिकायत पर तितरम पुलिस ने देवबन के किसान सोहनलाल पर धान अवशेष जलाने का केस दर्ज किया है।

### लोकनिर्माण विभाग अब विजिलेंस सेल बनाएगा


**चंडीगढ़।** सूबे के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग अब विजिलेंस सेल का गठन करेगा। यह सेल प्रदेश की सड़कों, बिल्डिंग निर्माण अथवा विभाग से जुड़े कार्यो की क्वालिटी इत्यादि के बारे में मिलने वाली शिकायतो की जांच इत्यादि का काम देखेगा, गड़बड़ी मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कानूनी और विभागीय कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। इतना ही नहीं, उन्होंने विभाग के एसई और एक्सइन हर महीने 18 सड़क की क्वालिटी जांच करके उनके पास रिपोर्ट भेजने के भी निर्देश दिए है।

- कैबिनेट मंत्री गंगवा ने समीक्षा बैठक ली

### हरियाणा सरकार प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्त

**चंडीगढ़।** प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के प्रति पूरी तरह गंभीर है और एनजीटी व सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप ठोस कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है जब सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें और इसके परिणाम धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दें। वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह यहां बुलाई गई हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

- पर्यावरण मंत्री राव नरबीर ने दिए निर्देश



# आरबीआई का बड़ा फैसला, गोल्ड के बाद अब सिल्वर लोन भी ले सकेंगे ग्राहक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर पैसों की जरूरत है तो अब आप चांदी के बदले भी बैंक से लोन ले सकेंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए सिल्वर लोन यानी चांदी के बदले कर्ज लेने की अनुमति दे दी है। अब तक केवल सोने के बदले ऋण यानी गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी। अब जरूरतमंद लोग अपने चांदी के आभूषण, सिक्के या अन्य चांदी से जुड़ी वस्तुएं गिरवी रखकर बैंक या गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों (एनबीएफसी) से लोन ले सकेंगे। नए नियम एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने वाले हैं। ग्राहकों को यह सुविधा कॉमर्शियल बैंक, अर्बन और रूरल को-ऑपरेटिव बैंक और एनबीएफसी के अलावा हाउसिंग फाइनेंस कंपनियों के माध्यम से मिलेगी।

## अभी तक केवल गोल्ड लोन की सुविधा उपलब्ध थी

### किस तरह के उत्पाद पर लोन नहीं

हालांकि, रिजर्व बैंक ने यह साफ किया है कि प्योर गोल्ड या चांदी की ईंटों (बुलियन) या उनके वित्तीय उत्पाद के बदले लोन नहीं दिया जा सकेगा। वित्तीय उत्पाद में गोल्ड ईटीएफ या म्यूचुअल फंड यूनिट्स शामिल हैं। रिजर्व बैंक ने यह नई सुविधा आरबीआई (गोल्ड एंड सिल्वर लोन) डायरेक्शंस, 2025 नियम के तहत शुरू किया है। इनका मकसद कीमती धातुओं के ऋण बाजार में पारदर्शिता, एकरूपता और निगरानी को मजबूत बनाना है।




### लोन चुकाने के बाद आभूषण की वापसी

रिजर्व बैंक के नियम के अनुसार जब उधारकर्ता पूरा लोन चुका देगा तो बैंक को 7 दिन के भीतर आभूषण या चांदी लौटानी होगी। यदि बैंक की गलती से देरी होती है, तो ग्राहक को 5000 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मुआवजा देना होगा। यदि ग्राहक समय पर लोन नहीं चुका पाता तो बैंक उसकी गिरवी रखी हुई चांदी या ज्वेलरी की नीलामी कर सकता है। हालांकि, इसके पहले ग्राहक को नोटिस भेजकर सूचित किया जाएगा।

## वीआईटी मॉरीशस में इंजीनियरिंग के आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी मॉरीशस ने अपने प्रमुख इंजीनियरिंग कार्यक्रमों के फरवरी और अगस्त 2026 सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। संस्थान ने महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को अपने सपनों के करियर की दिशा में अगला कदम बढ़ाने के लिए आमंत्रित किया है। विद्यार्थी अब ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश के लिए किसी प्रवेश परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। प्रवेश केवल हाई स्कूल के प्रदर्शन और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर दिया जाएगा। मेधावी और आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्तियाँ भी उपलब्ध हैं। साथ ही, विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान पार्ट-टाइम काम करने के अवसर और पढ़ाई पूरी होने के बाद 3 वर्षों का पोस्ट-स्टडी वर्क परमिट भी प्रदान किया जाएगा।

**गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार**

(राज्य विधायिका अधिनियम 17 ऑफ 1995 द्वारा स्थापित)
'ए+' ग्रेड, एनएएसी प्रमाणित

**प्रवेश सूचना 2025-26**

**बी.एससी. नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग प्रोग्राम (एस)**

शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु बी.एससी. नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग प्रोग्राम्स के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र 12.11.2025 से आमंत्रित किए जाते हैं, प्रवेश इस शर्त पर किया जाएगा कि अंतरिम आधार पर है, क्योंकि अनुमोदन अभी प्रतीक्षारत है। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि 19.11.2025 (अप. 5.00 बजे तक) है। मुख्य तिथियां, पात्रता, सीटों की संख्या, काउंसलिंग कार्यक्रम और शुल्क संरचना इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी निहित विस्तृत प्रवेश सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट : **www.gjust.ac.in** पर उपलब्ध हैं।

संवाद-1237/11/158/2026/40279/सी/88/6 दि. 13.11.25 **डीन शैक्षणिक मामले**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :-

7465

मनकि राजेश पुत्र महेन्द्र पुत्र सरूप सिहं, निवासी एवं बिस्वेदार गाँव पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2020-21, के अनुसार खेवट न0 143मिन/106/8, खाता न0 145 मिन, मु0 न0 13, किला न0 1/2(3-18), 10(7-2) किते 2, तादादी रकबा 11 कनाल 0 मरला का 623/4490 भाग, बकदर 1 कनाल 10.52 मरले (0.19075 एकड़), वाका रकबा मौजा पेलपा, तहसील बादली, जिला झज्जर का मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 13, किला न0 10 मिन पश्चिम (1-10.52), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 10.52 मरले (0.19075 एकड़), पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 13.11.2025

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता पर रिपोर्ट जारी

# नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत से छोटे उद्यमों पर पड़ रहा असर: एसोचैम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उद्योग मंडल एसोचैम ने बृहस्पतिवार को कहा कि नियामकीय देरी, उच्च अनुपालन लागत और एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी जैसी बाधाएं सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही हैं।

**एक ही जगह हर प्रकार की मंजूरी व्यवस्था की कमी**

एसोचैम ने 'भारतीय राज्यों में व्यापार करने में सुगमता' शीर्षक से जारी अपनी रिपोर्ट में सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के लिए त्वरित और राज्य स्तर सुधारों का आह्वान किया है। रिपोर्ट में प्रमुख नियामक और अवसंरचनात्मक बाधाओं का उल्लेख किया गया है जो व्यावसायिक संचालन में बाधक बन रही हैं।

### एमएसएमई उद्योगों को अपनी क्षमता को हकीकत रूप देने से रोक रही

### बंगाल व ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या

इनमें जटिल अनुमोदन और जटिल पंजीकरण प्रक्रियाओं, पैसे की वापसी में देरी, लगातार आईटीसी विवादों सहित जीएसटी से संबंधित बाधाएं, लॉजिस्टिक और अवसंरचना संबंधी बाधाएं शामिल हैं। इसके साथ पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे राज्यों में बिजली आपूर्ति की समस्या का भी जिक्र किया गया है, जो देरी और उत्पादन हानि का कारण बनती हैं।




### राज्य स्तरीय सुधार एक साथ लाने का आव्हान

यह रिपोर्ट भूमि, भवन एवं निर्माण, श्रम, पर्यावरण, व्यापार और कराधान सहित अन्य क्षेत्र-विशिष्ट मुद्दों का भी जिक्र करती है। रिपोर्ट में आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए केंद्र और राज्य-स्तरीय सुधारों को एक साथ लाने का आह्वान किया गया है। साथ ही उद्योग से प्राप्त कार्रवाई योग्य सुझावों को शामिल करने का सुझाव दिया गया है।

**इन राज्यों में सामने आई समस्या**

रिपोर्ट में ओडिशा, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, हरियाणा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, तमिलनाडु, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, उत्तराखंड, गुजरात और दादरा एवं नगर हवेली, गोवा, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश में सामने आने वाली कई नियामक और अवसंरचनात्मक समस्याओं का उल्लेख किया गया है।

### श्रम कानून में सुधार की सिफारिश

इसमें सुगम मंजूरी व्यवस्था, जीएसटी सुधार, समयबद्ध भूमि उपयोग बदलाव, श्रम कानून में सुधार और कंपनी-संबंधी नियमों को युक्तिसंगत बनाने की सिफारिश की गयी है। रिपोर्ट बुनियादी ढांचे में सुधार और प्रक्रियाओं के मानकीकरण, सरलीकृत ई-वे बिल व्यवस्था, अलग से लॉजिस्टिक केंद्रों और अत्याधुनिक बिजली वितरण व्यवस्था की भी सिफारिश करती है।

### भरोसेमंद व पारदर्शी माहौल बने

इसमें कौशल विकास, प्रौद्योगिकी अपनाने, नवाचार, निर्यात संवर्धन और योजनाओं को लेकर जागरूकता के माध्यम से एमएसएमई को समर्थन देने की बात कही गयी है। रिपोर्ट में कहा गया, "इन मुद्दों का समाधान करके, सरकार एक भरोसेमंद, पारदर्शी और कुशल कारोबारी माहौल बना सकती है।"

## आयशर मोटर्स के लाभ में 24 प्रतिशत वृद्धि

**नई दिल्ली।** आयशर मोटर्स का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 24 प्रतिशत बढ़कर 1,369 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,100 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। वित्त वर्ष 2025-26 की जुलाई-सितंबर तिमाही में कंपनी की परिचालन आय 45 प्रतिशत बढ़कर 6,172 करोड़ रुपये हो गई। जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 4,263 करोड़ रुपये थी। आयशर मोटर्स लिमिटेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कंपनी की इकाई रॉयल एनफील्ड ने 3,27,067 मोटरसाइकिल की अपनी अब तक की सबसे अधिक तिमाही बिक्री दर्ज की, जो वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही के दौरान बेची गई 2,25,317 इकाइयों से 45 प्रतिशत अधिक है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लाभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | ग्रुप-सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को मेडिकल ड्रग कंज्यूमेबल्स की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 12.11.2025 03.12.2025 | रु.13,13,00,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 [illegible] |
| 2 | हरियाणा चिकित्सा सेवाएं निगम लिमिटेड पंचकूला | ग्रुप-सी के लिए दो वर्ष की अवधि हेतु हरियाणा सरकार के विभिन्न अस्पतालों को सीजनल इंफ्ल्यूएंजा (एच1एन1) टेस्टिंग किट की आपूर्ति के लिए दर अनुबंध हेतु ऑनलाइन निविदा। | 12.11.2025 03.12.2025 | रु.40,00,000/- | www.hmscl.org.in | 0172-4788222 [illegible] |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40299/I/88/6 दि. 13.11.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | 5 वर्ष के लिए एम.सी. रोहतक में सड़कों की यांत्रिकृत और मैनुअल स्वीपिंग। | 13.11.2025 04.12.2025 | -- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40305/I/88/6 दि. 13.11.25

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ/एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यूएचबीवीएन | NITNO.23/2025-26/PJR | एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन बरवाला (पंचकूला) के उपयोग के लिए एक अदद वाहन (महिन्द्रा बोलेरो) को किराये पर लेना, निविदा जमा 21.11.2025 (शुक्रवार) को अप. 3.00 बजे तक, निविदा खुलेंगी 21.11.2025 (शुक्रवार) को अप. 3.30 बजे। | www.uhbvn..org.in | 9888021007 xenoppinjore@uhbvn.org.in |
| 2 | यूएचबीवीएन | NITNO.24/2025-26/PJR | 33 केवी सब स्टेशन मोरनी हिल्स में एसडीओ ओपी एस/डिवी. यूएचबीवीएन रायपुर रानी (पंचकूला) के उपयोग के लिए एक अदद वाहन (महिन्द्रा पिकअप) को किराये पर लेना, निविदा जमा 21.11.2025 (शुक्रवार) को अप. 3.00 बजे तक, निविदा खुलेंगी 21.11.2025 (शुक्रवार) को अप. 3.30 बजे। | www.uhbvn..org.in | 9888021007 xenoppinjore@uhbvn.org.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/40298/I/88/6 दि. 13.11.25

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# सोने में 3,000 रुपये का उछाल और चांदी 7,700 रुपये चढ़ी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मजबूत वैश्विक संकेतों और कमजोर डॉलर के चलते बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,900 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी सरकार के 'शटडाउन' की समाप्ति ने भी सुरक्षित-निवेश का विकल्प मानी जाने वाली परिसंपत्ति की अपील को समर्थन दिया। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में लगातार तीसरे दिन बढ़त जारी रही, जो बुधवार के 1,27,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के बंद भाव से 3,000 रुपये बढ़कर 1,30,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। स्थानीय सराफा बाजार में, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना पिछले बाजार सत्र में 1,27,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमतें बृहस्पतिवार को 7,700 रुपये बढ़कर 1,69,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। बुधवार को यह 5,540 रुपये बढ़कर 1,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थीं।



### शटडाउन का भी असर पड़ा

गांधी ने कहा, "इसके अलावा, फेडरल रिजर्व द्वारा शटडाउन के कारण हुई आंशिक नकदी की कमी को दूर करने के लिए प्रणाली में और अधिक धन डालने की संभावना है, जिसका कीमती धातुओं पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।" विदेशी व्यापार में हाजिर चांदी 1.13 प्रतिशत बढ़कर 53.86 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।

**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

# उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार स्थिर रुख के साथ बंद

एजेंसी ▸▸ मुंबई

स्थानीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच बृहस्पतिवार को दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी मामूली बढ़त के साथ बंद हुए। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोर धारणा का घरेलू बाजार पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 12.16 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 84,478.67 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान ऊंचे में यह 84,919.43 अंक तक गया जबकि नीचे में 84,253.05 अंक तक आया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी नाममात्र 3.35 अंक यानी 0.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,879.15 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक कारोबार के बाद स्थिर बंद हुए। मुनाफावसूली ने सकारात्मक वैश्विक और घरेलू संकेतों के बावजूद शुरुआती बढ़त को समाप्त कर दिया।



**नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पंचायत समिति बवानी खेड़ा की दुकान नं. 1 की खुली पट्टा निलामी दिनांक 20.11.2025 वार वीरवार को प्रातः 11.00 बजे की जानी है। धरोहर राशि मू. 10,000/- रु. रखी गई है बाकि शर्ते मौके पर सुना दी जाएगी।

चैयरमैन पंचायत समिति बवानी खेड़ा — कार्यकारी अधिकारी पंचायत समिति बवानी खेड़ा

**डिमांड नोटिस**


प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनैंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री पप्पू राम श्री संजू श्रीमती मूर्ति देवी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10918577) | 04- नव.-25. रु. 294334/- (रुपये दो लाख चोरानवे हजार तीन सौ चौंतीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. . 607910220 सम्पत्ति आई.डी. नं. 60791WA0M2S04RR211A गांव कुस्सार, तहसील रानियां, जिला सिरसा, हरियाणा-125060 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1464.00 732.00 |
| श्री अनमोल सिंह श्री गुरनाम सिंह श्रीमती सर्बजीत कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10690434) | 04- नव.-25, रु. 320956/- (रुपये तीन लाख बीस हजार नौ सौ छप्पन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 606780061 सम्पत्ति आई.डी. नं. 60678E00S1000R0061A गांव कंगनपुर सिरसा, हरियाणा-125055 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2757.00 1540. |
| श्री जसपाल श्रीमती मीना जसपाल मेसन वर्क्स (प्रोसपेक्ट नं. IL10722175) | 04- नव. -2025, रु. 335001/- (रुपये तीन लाख पैंतीस हजार एक केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 58220SB1S8000R0258A गांव हरौली छाछरौली यमुनानगर, हरियाणा-135102 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 336.00 330.00 |
| श्री नर सिंह श्रीमती दया रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10789268) | 04- नव.-25, रु. 324231/- (रुपये तीन लाख चौबीस हजार दो सौ इकतीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 57752NS1B1000R0009A गांव झिनवार हेरी, यमुनानगर, हरियाणा-135133 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1867.00 911.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से **शाखा कार्यालय : करनाल एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा** 132001 / 1176/3, **प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड,** पानीपत-132103 अथवा **कॉर्पोरेट कार्यालय** : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 14.11.2025 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लि.

## शब्द पहेली - 6047




**बाएँ से दाएँ**
1.महीन व कीमती कपड़ा-4
3.गिरवी रखी वस्तु-3
5.चहा,पेय पदार्थ-2
6.ऐयार,गुप्तचर-3
7.संध्या,सांझ-2
9.रसद,किराणा सामग्री-3
11.करामात,करतब-5
14.विक्रय स्थल-3
16.कलाकार-4
17.चाहत,लगन-2
18.सद्,अच्छा-2
19.लंबा कोट-4
23.पानी की बूंद-3
24.कमर में पहना जाने वाला आभूषण-5
27.लोभ,लालसा-3
28.दौड़ना(अंग्रेजी-2)
30.रेखा,लाइन-3
31.अकुवा,आकड़ा-2
32.अव्यवस्थित भीड़-3
33.अचानक,सहसा-4

**ऊपर से नीचे**
1.शराब-2
2.सम्राट,शहंशाह-4
3.सांभर जैसा खाद्य-3
4.सरुर, मद-2
5.चापलूस-4
6.प्राण, जीवन तत्व-2
8.चिंतन-3
10.भद्र, कुलीन-3
12.अपराध-3
13.पिता का भाई-2
15.यात्री दल-3
17.प्रेम लगन-3
18.भ्रमर,जलावर्त-3
20.चमड़ी,त्वचा-2
21.अनुकृति-3
22.आर्द्रक-4
23.कटि,मध्यांग-3
25.हठ करना, जिद करना,रोना-4
26.साजन,सनम-3
27.थूक,लेस-2
29.भीगा हुआ-2
31.उम्मीद,आशा-2

### शब्द पहेली- 6046 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | ह | का | रि | ता | | अ | चा | न | क |
| हा | र | | य | | ना | वि | क | | त | र |
| थ | | त | र | जु | मा | | ल | ता | | दा |
| मा | कू | ल | | | र | थ | | क | वि | ता |
| र | | घ | | फ | ना | | खा | | र | |
| ना | म | र | ख | ना | | रा | ज | म | ह | ल |
| | थ | | त | | मो | ह | | ह | | प |
| क | ना | त | | रा | ह | | | क | पा | ल |
| र | | ना | प | | त | म | क | ना | | पा |
| ता | ना | | ली | ड | र | | थ | | का | ना |
| र | च | यि | ता | | मा | ख | न | चो | र | |



# आज साफ हो जाएगा, किसका होगा बिहार ? किसकी होगी जीत...किसकी होगी हार

एजेंसी ⏭ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के नतीजों का इंतजार आज खत्म हो जाएगा। शुक्रवार सुबह 8 बजे से वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी, जिसके बाद शुरुआती रुझान सामने आने लगेंगे। पूरे राज्य में मतगणना केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए गए हैं। वहीं, लगभग सभी सर्वेक्षण एजेंसियों के एग्जिट पोल में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की बड़ी जीत का अनुमान लगाया गया है। इन सर्वेक्षणों के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एक बार फिर एनडीए की सरकार बनने की संभावना जताई गई है। राजग गठबंधन में जनता दल-यूनाइटेड (जदयू), भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), हिंदुस्तान अवामी मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) शामिल हैं। उधर, हरियाणा के नतीजे के समान महागठबंधन को अपनी अरसकार बनाने का आस है।

**8** बजे से शुरू होगी मतगणना

**38** जिलों में होगी काउंटिंग

**44** मतगणना केंद्रों पर तैयारी पूरी

**14** काउंटिंग टेबल का निर्धारण

## बिहार विधानसभा चुनाव के परिणाम आज आएंगे



मतगणना स्थल जाने वालों पर यातायात पुलिस की नजर

### जहां बदली गईं वीवीपैट मशीनें, वहां पर्ची मिलान के बाद होगी गिनती

बिहार विधानसभा चुनाव के जिन मतदान केंद्रों पर वीवीपैट मशीन बदली गई थीं, वहां अब वोटो की गिनती पहले जैसी नहीं होगी। चुनाव आयोग ने नया निर्देश जारी करते हुए कहा है कि अब उन सभी जगहों पर जहां मशीनें बदली गई हैं, वहां वीवीपैट पर पर्चियों का मिलान पहले किया जाएगा, उसके बाद ही वोटो की गिनती शुरू होगी।

### सीसीटीवी के साथ 2 लेयर सिक्योरिटी के बीच होगी काउंटिंग

चुनाव के नतीजे आने से पहले सुरक्षा के लिए मुस्तैदी से इंतजाम किए जा रहे हैं। मतपेटियों और वीवीपैट की सुरक्षा पूरी मुस्तैदी से की जा रही है। सभी ईवीएम को कड़े सुरक्षा घेरे के अंदर रखा गया है। आयोग के अनुसार राज्य सरकार की पुलिस के अलावा अर्धसैनिक बलों की टुकड़ी को भी सुरक्षा के लिए लगाया गया है। निर्वाचन आयोग ने राज्यभर में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षित रखा है। मतदान में उपयोग की गई ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को दो स्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है। आयोग का कहना है कि जनता के फैसले को सुरक्षित और किसी भी तरह के नुकसान या छेड़छाड़ से बचने के लिए सभी सुरक्षा उपाय किए जा रहे हैं।

## मतगणना के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए

बिहार में शुक्रवार को होनी वाली मतगणना के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना का कार्य राज्य के सभी 38 जिलों में स्थित 44 मतगणना केंद्रों पर सुबह 8 बजे से शुरू होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने बताया है कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मतगणना के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था भी की गई है। पर्याप्त संख्या में केंद्रीय बलों और राज्य पुलिस बलों की तैनाती की गई है।

### सबसे बहले मोकामा और अंत में आएगा दीघा का नतीजा

पटना जिले की मोकामा सीट का रिजल्ट पहले आएगा। सबसे आखिर में दीघा सीट का रिजल्ट आएगा। एएन कॉलेज में मतगणना केंद्र है। 14 काउंटिंग टेबल का निर्धारण किया गया है। पोस्टल बैलेट काउंटिंग के लिए में निर्धारित संख्या में अलग से काउंटिंग टेबल की व्यवस्था की गई है।

*केंद्रीय मंत्री गिरिराज का बड़ा दावा*

## 2010 चुनाव से भी ज्यादा सीटें जीतेगा एनडीए



भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने गुरुवार को विपक्षी दल इंडिया ब्लॉक पर भ्रष्ट नेताओं का कथित रूप से समर्थन करने का आरोप लगाया और बिहार चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत का विश्वास जताया। सिंह ने कहा कि उन्हें विश्वास है कि गठबंधन 206 से ज्यादा सीटें जीतेगा, जो 2010 के विधानसभा चुनावों से भी बेहतर प्रदर्शन होगा क्योंकि लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि इंडिया ब्लॉक का हिस्सा राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव एक भ्रष्ट व्यक्ति हैं जो सिर्फ अपने परिवार के लिए जीते हैं और इसलिए कोई भी व्यक्ति उन्हें वोट नहीं देना चाहेगा। सिंह ने कहा कि चाहे अखिलेश यादव हों, लालू हों, तेजस्वी यादव हों या राहुल , बिहार में कोई इन लोगों को वोट क्यों देगा? लालू जैसे भ्रष्ट व्यक्ति को कोई वोट क्यों देगा।

**तेजस्वी ने नतीजों से पहले की उम्मीदवारों से बात**

## जीत मिलते ही विधायकों को शिफ्ट करने की तैयारी



बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने वाले हैं। उससे पहले ही राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। तेजस्वी यादव ने अपने विधायकों से बात की है और उनसे कहा है कि वह हर हालात के लिए तैयार रहें। कहा यह भी जा रहा है कि विधायकों को कहीं शिफ्ट करने की तैयारी है ताकि बहुमत न मिलने की स्थिति में उन्हें टूटने से बचाया जा सके। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले ही तेजस्वी यादव ऐक्टिव हो गए हैं। उन्होंने अपने सभी उम्मीदवारों से संपर्क साधा है और उनसे हर हालात के लिए तैयार रहने को कहा है।

### बिहार के नतीजों से पहले कांग्रेस को याद आया हरियाणा

इस बीच कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने एग्जिट पोल्स को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को याद करिए। तब कहा गया था कि हरियाणा में कांग्रेस को बंपर जीत मिलेगी, लेकिन क्या हुआ? अब यहां के नतीजों पर भी इंतजार करिए। एग्जिट पोल गलत साबित होंगे।



**नतीजों से पहले बोली आप**

### बिहार में चोरी हो गए 80 लाख वोट



बिहार में नतीजों से ठीक पहले आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने 80 लाख वोटों की चोरी का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि 80 लाख लोगों के मताधिकार को छीना गया है।

**केआरके ने किया बड़ा दावा**

## ईसीआई भाजपा को कभी नहीं हारने देगा



चुनाव को लेकर भाजपा के इरादों पर भी कई सवाल उठे। लोक गायिका नेहा सिंह राठौर ने मोदी सरकार पर कई निशाने साधे। केआरके ने दावा किया कि चुनाव आयोग भाजपा को चुनाव नहीं हारने देगा। केआरके ने एक्स पर एक ट्वीट में लिखा है, वो सब लोग मूर्ख हैं जो सोच रहे हैं कि विपक्ष बिहार चुनाव जीत जाएगा। ऐसा नहीं होने वाला। ईसीआई भाजपा को बिहार और यूपी कभी नहीं हारने देगा। इस ट्वीट के साथ केआरके ने अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को भी टैग किया है।

*रिजल्ट से ठीक एक दिन पहले जेडीयू वॉर रूम पहुंचे नीतीश*

## चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति तैयार की

चुनाव के नतीजों से ठीक एक दिन पहले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार गुरुवार को अचानक जदयू के वॉर रूम पहुंच गए। बताया जा रहा है कि यह वॉर रूम चुनाव और मतगणना से जुड़ी निगरानी और रणनीति के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा पहले से तय नहीं था।नीतीश चुनाव से जुड़े अपडेट संबंधित तैयारी का निरीक्षण करने के लिए जेडीयू के वॉर रूम पहुंचे। इस दौरान वहां काम करने वाले कर्मचारी भी हैरान हो गए।



### डेटा के विश्लेषण की जानकारी ली

जदयू का यह वार रूम हाईटेक मॉनिटरिंग सिस्टम से लैस है। यहां बड़ी स्क्रीन पर रियल टाइम में वोट गिनती और रुझान की निगरानी की जाएगी। हर सीट पर एजेंट्स और कोऑर्डिनेटर्स से लगातार फीडबैक लिया जाएगा। सीएम ने चुनावी डेटा के विश्लेषण की भी जानकारी ली और अधिकारियों से कहा कि मतगणना के दिन अफवाहों से बचा जाए।

### 'टाइगर जिंदा है' के लगे पोस्टर

नतीजे से पहले ही पटना में पोस्टर लगने लगे हैं। महागठबंधन ने एग्जिट पोल का बहिष्कार कर रहे हैं। एनडीए नेताओं का जोश हाई है। पटना में अभी से पोस्टर वार शुरू हो गया है। नीतीश कुमार के समर्थकों ने 'टाइगर अभी जिंदा है' का पोस्टर लगाया है।

---

# सरकार ने मांगे सुझाव, किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाएंगे

*यह आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर*



प्रस्तावित विधेयक का उद्देश्य बीज अधिनियम, 1966 और बीच (नियंत्रण) आदेश, 1983 को बदलकर बीज नियमन को आधुनिक कृषि और बाजार जरूरतों के अनुरूप बनाना है। नया विधेयक बीज गुणवत्ता को नियंत्रित करने, किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने, नकली उत्पादों पर रोक लगाने वाला है। और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए बीज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृषि व किसान कल्याण मंत्रालय ने बीज विधेयक, 2025 को सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी कर दिया है। मंत्रालय के अनुसार हितधारक 11 दिसंबर तक अपने सुझाव भेज सकते हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हाल ही में संकेत दिया था कि मंत्रालय संसद के बजट सत्र के दौरान नया बीज कानून पेश करेगा। बयान में कहा गया है कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, जिसने मंत्रालय के अंतर्गत मसौदा तैयार किया है, ने विधेयक के अंतिम संस्करण को आकार देने में हितधारकों की भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया है।

**केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने कहा- बजट सत्र में पेश करेंगे**

### छोटे अपराध क्षम्य करने का प्रस्ताव

विधेयक में अनुपालन बोझ को कम करने के लिए छोटे अपराधों को गैर-अपराधीकरण करने का प्रस्ताव है। वहीं गंभीर उल्लंघनों के लिए कठोर दंड बरकरार रखा गया है, यह कारोबार सुगमता पहल के अनुरूप है।

# स्थिति बहुत गंभीर है! अभी मत आइए अदालत, मास्क को बताया 'अपर्याप्त'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदूकर की पीठ ने यह टिप्पणी की।*

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने न केवल गंभीर चिंता जताई है बल्कि एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति 'बहुत गंभीर' है। इसके साथ ही कोर्ट ने वकीलों से आग्रह किया कि वे अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होने के बजाय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधा का लाभ उठाएं। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस अतुल एस चंदूकर की पीठ ने गुरुवार को यह टिप्पणी की। जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि स्थिति बहुत गंभीर है! आप सभी यहां क्यों उपस्थित हैं? हमारे पास वर्चुअल सुनवाई की सुविधा है। कृपया इसका लाभ उठाएं। यह प्रदूषण स्थायी नुकसान पहुंचाएगा। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि हम मास्क का उपयोग कर रहे हैं। इस पर जस्टिस नरसिम्हा ने कहा कि मास्क भी पर्याप्त नहीं हैं। यह पर्याप्त नहीं होगा। हम मुख्य न्यायाधीश से भी इस बारे में बात करेंगे।

### दिल्ली में तीसरे दिन भी एक्यूआई गंभीर श्रेणी में

#### सीजेआई की बेंच कर रही सुनवाई

एक दिन पहले ही यानी बुधवार को मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई ) जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब और हरियाणा सरकारों से उनके राज्यों में पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए की गई कार्रवाई के बारे में रिपोर्ट तलब की है। पराली जलाना दिल्ली और गंगा के मैदानी इलाकों के अन्य राज्यों में वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाले कारकों में से एक है।



राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को भी दिन में घना कोहरा छाया रहा और वायु गुणवत्ता लगातार तीसरे दिन 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गयी। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की ओर से जारी सुबह के वायु गुणवत्ता बुलेटिन में एक्यूआई 404 दर्ज किया गया। सीपीसीबी के मुताबिक, 37 निगरानी केंद्रों में से 27 ने एक्यूआई का स्तर 'गंभीर' श्रेणी में बताया, जिनमें बुराड़ी (433), चांदनी चौक (455), आनंद विहार (431), मुंडका (438), पूसा (302), बवाना (460) और वजीरपुर (452) शामिल हैं।

**पुल पर ट्रक ने 6 गाड़ियों को मारी टक्कर, 8 जले :** पुणे। महाराष्ट्र में पुणे-बेंगलुरु हाईवे पर गुरुवार शाम एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। यह भीषण दुर्घटना नवले ब्रिज के पास हुई, जहां दो कंटेनर, एक मिनी बस और कई गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे के बाद वाहनों में आग लग गई, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, इस हादसे में 8 लोगों की जलकर मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हुए हैं।

### मुकुल रॉय की विधानसभा की सदस्यता रद्द

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी के करीबी और तृणमूल कांग्रेस के नेता मुकुल रॉय को कलकत्ता हाई कोर्ट ने बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने रॉय की विधानसभा की सदस्यता दल-बदल विरोधी कानून के तहत गुरुवार को रद्द कर दी। रॉय भाजपा के टिकट पर सदन के लिए चुने गए थे, बाद में टीएमसी में चले गए। गए।

## डिमांड नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 (उक्त नियमों) के नियम 3 (1) के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 (उक्त एक्ट) के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण की धारा 13 (2) के तहत। उक्त नियमों के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये, आईआईएफएल होम फाइनेंस लि. (आईआईएफएल एचएफएल) (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि. के रूप में जानी जाती) के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत डिमांड नोटिस जारी किये, जिनमें उनको जारी किये गये सम्बन्धित डिमांड नोटिस(ों) में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कर्जदार(ों) का आह्वान किया गया। उपरोक्त के सम्बन्ध में, डिमांड नोटिस की तिथि(यों) से भुगतान की तिथि तक आगे के ब्याज सहित यहां नीचे इंगित राशियों का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिन के अंदर करने के लिये कर्जदार(ों) को एक बार फिर एतद द्वारा सूचना दी जाती है। कर्जदार(ों) का विवरण, **डिमांड नोटिस की तिथि** के अनुसार देय राशि और ऋण राशि के पुनर्भुगतान के तहत प्रस्तावित प्रतिभूति निम्नानुसार हैं :-

| कर्जदार(ों)/ गारंटर(ों) के नाम | डिमांड नोटिस तिथि और राशि | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन |
|---|---|---|
| श्री सुरेश कुमार श्रीमती बिमल देवी सुरेश कुमार मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10662333) | 03-नव. -25, रु. 885641/- (रुपये आठ लाख पचासी हजार छह सौ इकतालीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : गांव भालग तहसील कलायत, जिला कैथल, हरियाणा, भारत 136117 में स्थित खेवट नं. 38, खतौनी नं. 44 खसरा नं. 67 (6-2) और खसरा नं. 48 (4-17) में निहित खेवट नं. 37, खतौनी नं. 44 में से सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1647.00, 2035.00, 1628.00 |
| श्री भोपाल सिंह श्रीमती कमलेश भोपाल डेयरी फार्म (प्रोस्पेक्ट नं. IL10371762) | 03- नव.-2025, रु. 400442.94/- (रुपये चार लाख चार सौ बयालीस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान एलजीडी आई.डी. नं. 9109050120, गांव रंगरूटी खेड़ा, असंध, करनाल, हरियाणा-132039, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 470.00, 430.00 |
| श्री राजेश श्रीमती तापसी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10557527) | 03-नव. -25, रु. 227065/- (रुपये दो लाख सताईस हजार पैंसठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 787, खाता नं. 1016, एमयू. नं. 150, किल्ला नं. 18, गांव जुलाना, तहसील जुलाना, जिला जीन्द, हरियाणा 126101 में सम्पत्ति। क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 468.00, 426.00 |
| श्री प्रद्युमन श्री नरेश कुमार श्रीमती परमजीत कौर प्रिंस बाइक लैमिनेशन (प्रोस्पेक्ट नं. IL10569309) | 03-नव. -25, रु. 310422/- (रुपये तीन लाख दस हजार चार सौ बाईस केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 058924554M3000RR137A, गांव माजरा रोहेड़ा, कैथल, हरियाणा-136044 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 246.00, 246.00 |
| श्री रणजीत सिंह श्रीमती सुखप्रीत कौर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10503523) | 03-नव. -25, रु. 322155/- (रुपये तीन लाख बाईस हजार एक सौ पचपन केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 58122wb2s200000650, गांव धलौर, बिलासपुर, यमुनानगर, हरियाणा-135001 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 487.00, 454.00 |
| श्रीमती सीमी श्री जोगिन्दर पाल सीमी किरयाना स्टोर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10530217) | 03-नव. -25, रु. 427679/- (रुपये चार लाख सताईस हजार छह सौ उनासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 582210012, गांव बलोली, जिला यमुनानगर, हरियाणा-135101 क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1231.00, 797.00 |
| श्रीमती कृष्णा देवी श्री राजकुमार कृष्णा देवी डेयरी राजकुमार सीमेंट रिंग मैनुफैक्चर (प्रोस्पेक्ट नं. IL10540625) | 03-नव. -25, रु. 360670/- (रुपये तीन लाख साठ हजार छह सौ सत्तर केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान यू.आई.डी. नं. 606090085, प्रोपर्टी आई.डी. 60609ww0s1000r0085a, गांव बुर्ज भंगु, सिरसा, हरियाणा-125077, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1481.00, 1224.00 |
| श्री राजवीर पुत्र पतराम श्री राकेश पुत्र राजवीर श्रीमती बंतो देवी पुत्री हरी सिंह पत्नी राजवीर बालाजी इलैक्ट्रिक वर्क्स राजवीर डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. 10668543) | 03-नव. -25, रु. 153387/- (रुपये एक लाख तरेपन हजार तीन सौ सतासी केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान एलजी.डी. आई.डी. नं. 605950011, यूआईडी नं. 60595nh0m1s01r0011a, गांव आनंदगढ़ के लाल डोरा, तहसील कालांवाली और जिला सिरसा हरियाणा, भारत 125078 में स्थित, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1225.00, 963.00, 770.00 |
| श्रीमती सरोज देवी श्री गुलाब सिंह सरोज मिल्क डेयरी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10656917) | 03-नव. -25, रु. 348509/- (रुपये तीन लाख अड़तालीस हजार पांच सौ नौ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान एलजी.डी. आई.डी. नं. 600810209 यूआईडी नं. 60081ss1m2s30r0209a, गांव बिघाना, तहसील अलेवा, जीन्द, हरियाणा-126102, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 522.00, 800.00 |
| श्री दीपक श्रीमती नीलम दीपक किराना शॉप (प्रोस्पेक्ट नं. IL10724826) | 03-नव. -25, रु. 342133/- (रुपये तीन लाख बयालीस हजार एक सौ तैंतीस केवल) | अग्रलिखित सम्पति के सभी भाग व हिस्से : खेवट नं. 358, खतौनी नं. 374, खसरा नं. 61//14/4, गांव बारोली खेड़ा, उचाना, जीन्द, हरियाणा-126115 में सम्पत्ति, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 816.00, 796.00 |
| श्री गुरचरण सिंह श्री सुखा सिंह श्रीमती बेबी रानी (प्रोस्पेक्ट नं. IL10760058) | 03-नव. -25, रु. 333266/- (रुपये तीन लाख तैंतीस हजार दो सौ छियासठ केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : प्लॉट/मकान एलजी.डी. आई.डी. नं. 593220275 गांव खेड़ी सराफली, असंध, करनाल, हरियाणा-132039, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Land_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 1276.00, 900.00 |
| श्री राजेन्द्र कुमार श्रीमती पूनम (प्रोस्पेक्ट नं. IL10199104) | 15-अक्टू.-25, रु. 1111170/- (रुपये ग्यारह लाख ग्यारह हजार एक सौ सत्तर केवल) | अग्रलिखित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से : फ्लैट नं. 1108, टावर-टी8, टाइप-बी2, आगमन सोसाइटी, फेज-2, आईएमटी के सामने, सेक्टर-70, फरीदाबाद, हरियाणा-121004, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति टाइप : Saleable_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 644.00, 544.00 |

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त अनुसार आईआईएफएल एचएफएल को भुगतान करने में विफल रहते हैं, आईआईएफएल एचएफएल उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) और लागू योग्य नियमों के तहत पूर्णतया कर्जदारों के जोखिम, लागत और परिणामों पर उपरोक्त प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर सकता है। अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : करनाल एससीओ-408, जीएफ, मुगल कैनाल, करनाल, हरियाणा 132001 / 1176/3, प्रथम तल, नवल सिनेमा के सामने, जी.टी. रोड, पानीपत-132103 अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : आईआईएफएल टावर, प्लॉट नं. 98, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा दिनांक : 14.11.2025

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लि.

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एमसीआर के अधिकार-क्षेत्र के तहत सेक्टर-1 और 14 में विभिन्न सेक्टर क्षतिग्रस्त सड़कों की रिकार्पेटिंग (पुनः आमंत्रण)। | 12.11.2025 21.11.2025 | रु. 170.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9991838888 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | वार्ड 18, एम.सी. रोहतक में पार्कों अलकनंदा पार्क, वाल्मिकी पार्क, सैनिक पार्क-1, 2, देवी पार्क, मिलन पार्क, हनुमान पार्क-1 का अपग्रेडेशन + 3 कार्य। | 12.11.2025 19.11.2025 | रु. 47.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467717422 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

संवाद-13/2026/40/40297/I/88/6 दि. 13.11.25

## Horticulture Department (Haryana)

Integrated Horticulture Development Centre,
Sundrah, (Mahendragarh)
Email:- ihdcsundrah@gmail.com,Ph:-01285-244076

**कृषि उपकरण किराए पर उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एकीकृत बागबानी विकास केन्द्र सुन्दरह में Custom Hiring Centre के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों को किराये पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। किराये पर मशीन प्राप्त करने की प्रक्रिया दिनांक 14 नवम्बर 2025 से प्रारंभ की जा रही है। अतः आप सभी को अवगत कराया जाता है कि केन्द्र से किराए पर कृषि उपकरण उक्त दिनांक से लेकर जा सकते हैं।

कृषि उपकरणों की सूची एवं मूल्य का विवरण:-

| Sr. No. | Machinery/Items | Full day rent (Rs.) (8 hours) | Half day rent (Rs.) (4 hours) |
|---|---|---|---|
| 1. | Power Tiller | 1500/- | 750/- |
| 2. | Rotovator | 1800/- | 906- |
| 3. | Tractor Mounted Post Hole Digger | 3000/- | 1500/- |
| 4. | Post Hole Digger (Earth Auger) | 800/- | 400/- |
| 5. | Tractor Mounted Spray | 2000/- | 1000/- |
| 6. | Mulch Laying Machine | 1200/- | 600/- |
| 7. | Potato Planter | 8000/- | 4000/- |

मशीन किराये पर लेने की प्रक्रियाः

- इच्छुक किसान एकीकृत बागवानी विकास केंद्र, सुन्दरह से 'कृषि मशीन किराये हेतु आवेदन पत्र (Application Form)' प्राप्त कर सकते हैं।
- आवेदन पत्र को भरकर आवश्यक दस्तावेजों के साथ केंद्र में जमा करें।
- आवेदन की स्वीकृति के पश्चात किसान अपनी सुविधा अनुसार उपलब्ध मशीन की बुकिंग करा सकते हैं।
- मशीन की बुकिंग पहले आओ व पहले पाओ (First Come First Serve) के आधार पर की जाएगी।
- मशीन का किराया केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किया जाएगा। किसी भी परिस्थिति में नकद (Cash) भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा।

जो भी किसान कृषि उपकरण को किराए पर लेना चाहते हैं वो दिए गए फोन नं0 (9050084871,9828499793) पर संपर्क कर उक्त उपकरण की बुकिंग करवा सकते हैं। अधिक जानकारी एवं नियम व शर्तों के लिए एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह, महेन्द्रगढ़ कार्यालय में भी संपर्क कर सकते हैं।

कृषि उपकरण बुकिंग के लिए आवश्यक दस्तावेज-

- आधार कार्ड एवं परिवार पहचान पत्र (फैमिली आई. डी), की प्रति
- मेरी फसल मेरा ब्योरा (MFMB) के रजिस्ट्रेशन की प्रति
- केंद्र से प्राप्त आवेदन पत्र (Application Form) duly भरा हुआ

हस्ता/-उप-निदेशक उद्यान
एकीकृत बागवानी विकास केन्द्र, सुन्दरह (महेन्द्रगढ़)
पीआरडीएच-1149/11/984/2026/40277/88/6 दि. 13.11.2025

## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम में ओपन कोर्ट में मरम्मत करना और पेरागोला हेतु सपोर्ट्स का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 15.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स, सोहना में दिव्यांग व्यक्तियों हेतु सुविधाएं प्रदान करने का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 1.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प गुरूग्राम | गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में सम्मेलन कक्ष और जैव चिकित्सा कचरा कक्ष का निर्माण। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1- gurgaon@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया में ज्यूडिशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में टेकटाइल्स फ्लोरिंग और ब्रेल चिन्हों का प्रावधान व फिक्सिंग। | 12.11.2025 19.11.2025 | 44.40 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प हिसार | मेन इलैक्ट्रिक रूम में विद्युत वितरण पैनल का प्रावधान / एएनएम ट्रेनिंग सेंटर / पीएनडीटी और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस /2 अदद चिकित्सक आवासों में ई.आई. की विशेष मरम्मत और नागरिक हस्पताल सिरसा के परिसर में स्ट्रीट / सिक्योरिटी लाइट्स का प्रावधान (एएनएम ट्रेनिंग सेंटर / पीएनडीटी और फूड, ड्रग एडीएम ऑफिस /2 अदद चिकित्सक आवासों में ई.आई. की विशेष मरम्मत केवल) + 4 कार्य। | 12.11.2025 17.11.2025 | 60.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प नरवाना | राजीव गांधी खेल स्टेडियम / परिसर, बट्टा जिला कैथल की विशेष मरम्मत। | 12.11.2025 18.11.2025 | 12.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प नरवाना | नरवाना में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में चाइल्ड सेफ वॉशरूम, लैक्टेशन रूम हेतु शौचालयों का प्रावधान। | 12.11.2025 17.11.2025 | 2.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwd-eepd-narwana@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प रोहतक | आबकारी एवं कराधान विभाग (जीन्द) हेतु जिला मुख्यालय कार्यालय का निर्माण (ईएलवी का प्रावधान केवल) (ईएलवी सेवाओं का प्रावधान केवल) + 2 कार्य। | 11.11.2025 21.11.2025 | 86.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प जीन्द | जीन्द जिले में ज्यूडीशियल कॉम्पलैक्स सफीदों में दिव्यांग व्यक्तियों के लिए सुविधाएं (टैक्टाइल फ्लोरिंग ब्रेल साइनेज, हैंड रेलिंग और टॉयलेट फिटिंग्स इत्यादि)। | बंद होने की तिथि 18.11.2025 | 55.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 10 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी मंडल, रोहतक में महम ड्रेन के आरडी 10574 और पम्प हाउस आरडी 37000 में डिलीवरी पाइप के नीचे सपोर्टिंग वॉल के निर्माण हेतु आकलन + 3 कार्य। | 11.11.2025 19.11.2025 | 20.08 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 11 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | पुराना कैनाल रेस्ट हाउस, रोहतक (बिल्डिंग ब्लॉक-बी) का पुनरोद्धार / मरम्मत। | बंद होने की तिथि 19.11.2025 | 40.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज करनाल | गांव कछवा ब्लॉक करनाल में संजय नाई की दुकान से गुरूद्वारा बेहलोलपुर रोड तक फिरनी का पुनर्निर्माण, स्कीम एचजीवीवाई + 3 कार्य। | 06.11.2025 27.11.2025 | 130.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज झज्जर | गांव जोंधी ब्लॉक झज्जर, जिला झज्जर में फिरनी का निर्माण + 6 कार्य। | 11.11.2025 19.11.2025 | 254.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 14 | राजकीय आई.टी.टी. नलवा (हिसार) | आईटीआई नलवा में विभिन्न ट्रेड्स के छोटे औजारों और उपकरणों की आपूर्ति। | 12.11.2025 27.11.2025 | 5 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8708374760 nalwa.giti@hry.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/40286/I/88/6 दि. 13.11.25

## चिंतन

# शिक्षा के मंदिर पर कैसे पड़ा आतंक का साया

स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय शिक्षा के मंदिर होते हैं जो हमें सांसारिक शिक्षा व बौद्धिक ज्ञान के साथ संस्कार भी देते हैं। वैसे भी हमारी शिक्षा विश्व भर में सर्वश्रेष्ठ रही थी। इसलिए भारत को विश्वगुरु की संज्ञा से सुशोभित किया गया था। विश्वभर के लोग, भारत में शिक्षा ग्रहण एवं अध्ययन करने आते थे। हमारे पूर्वज शिक्षित और ज्ञानवान थे। भारतीय ज्ञान, परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण के आधार पर, भारतीय समाज में परंपराएं एवं मान्यताएं स्थापित हुई हैं। भारतीय समाज, विशुद्ध रूप से वैज्ञानिक दृष्टिकोणधारक समाज है। इसके पीछे हमारी शिक्षा व्यवस्था ही है। आज भी स्कूल, कोचिंग, विश्वविद्यालय समाज का सहयोग करने, नई पीढ़ी को सही और गलत का अंतर सिखाने में अहम भूमिका निभाते हैं। क्योंकि यही वे लोग हैं जो हमारे देश का भविष्य बनेंगे और उनके लिए यह जानना बेहद ज़रूरी है कि वे किसी परिस्थिति का विश्लेषण कैसे करेंगे और उसे कैसे संभालेंगे। पहले, शिक्षा भक्ति, विचार और संस्कृति से प्रेरित होती थी, जिसमें व्यवसाय और सीखने जैसी चीज़ों पर ज़ोर दिया जाता था, लेकिन अब हालात बदल गए हैं। यह सच नहीं रहा कि स्कूल और कॉलेज, विश्वविद्यालय ही वो जगहें हैं जहां छात्रों को परिपक्व, सफल और ईमानदार इंसान बनने के लिए उचित माहौल मिलता है। वे पटरी से उतर गए हैं। किसी न किसी तरह वे अपनी राह से भटक गए हैं। इन संस्थानों में अनेक तरह की बुराइयां जन्म ले रही हैं। अब फरीदाबाद के मुस्लिम बहुल गांव धौज में बनी अल फलाह यूनिवर्सिटी को ही लें। दिल्ली ब्लास्ट के बाद ये विश्वविद्यालय टेरर मॉड्यूल से जुड़े डॉक्टरों की गिरफ्तारी के बाद जांच के घेरे में है। केंद्र सरकार ने इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट को यूनिवर्सिटी के फंडिंग की जांच के आदेश दे दिए हैं। अब तक यूनिवर्सिटी के तीन डॉक्टर डॉ. मुजम्मिल शकील, डॉ. शाहीन सईद और डॉ. उमर नबी का नाम दिल्ली धमाके में आ चुका है। दिल्ली धमाके में डॉ. उमर की मौत हो चुकी है। डॉ. निसार-उल-हसन, जो मेडिसिन डिपार्टमेंट में प्रोफेसर थे, इन्हें 2023 में जम्मू-कश्मीर के एलजी द्वारा टेरर लिंक्स के लिए बर्खास्त किया गया था, फिर भी यहां भर्ती कैसे हो गए। क्या विवि ने उनके पूर्व कार्यकाल की जांच तक करना भी जरूरी नहीं समझा। बताया जा रहा है कि वर्ष 1995 में स्थापित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित इस विश्वविद्यालय की शुरुआत 1997 में एक इंजीनियरिंग कॉलेज के रूप में हुई थी। 2013 में अल-फलाह इंजीनियरिंग कॉलेज को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद से मान्यता प्राप्त हुई। अल-फलाह मेडिकल कॉलेज भी इसी विश्वविद्यालय से संबद्ध है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद 76 एकड़ में फैला यह विश्वविद्यालय जांज एजेंसियों के निशाने पर है। हर पहलू की जांच हो रही है। यह तो जांच के बाद पता लगेगा कि विवि प्रशासन कसूरवार है या नहीं, लेकिन इतना तो तय हो गया है कि इसी शिक्षा के मंदिर में आतंकवाद का सांप पल रहा था, जिसने देश की राजधानी में 18 जिंदगियों को लील लिया। सरकार को ऐसे ही अन्य संस्थानों की कड़ी निगरानी करनी होगी जहां युवा पीढ़ी राह भटक रही है।

# चुनावी पूर्वानुमानों में राजग को बहुमत



**बिहार चुनाव**
प्रमोद भार्गव

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

बिहार विधानसभा चुनाव में हुए ऐतिहासिक मतदान के बाद आए पूर्वानुमानों ने राजग गठबंधन को स्पष्ट बहुमत से जीत दिला दी है। सभी अनुमान बता रहे हैं कि राजग को आसानी से 122 के जरूरी बहुमत के आंकड़े को पार करते हुए 140 से 150 सीटें मिल सकती हैं। वहीं, महागठबंधन 84 सीटों पर सिमटता दिख रहा है। भाजपा को सबसे ज्यादा 75 सीटें मिलने का दावा है। जबकि वोट चोरी के आरोप को मुद्दा बनाने में लगे रहे राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस को 22 सीटों पर सिमटता दिखाया जा रहा है। प्रशांत किशोर जो बड़ी उम्मीद के साथ बिहार में नई पार्टी जनसुराज का निर्माण कर दो साल से जोर-शोर से प्रचार करते हुए बिहार की बुनियादी समस्याओं को उभार रहे थे, उन्हें चुनावी सर्वेक्षणों ने मात्र 1 से 3 सीटें मिलते दिखाया है। यानी बिहार का मतदाता फिलहाल बुनियादी मुद्दों के निदान के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहा है।

बिहार में आजादी के बाद जो ऐतिहासिक मतदान हुआ है, वह सभी परंपराओं को नकारते हुए जदयू-भाजपा को एक बार फिर सत्ता के सिंहासन पर आरूढ़ करने जा रहा है। बिहार में पहले चरण में 65 प्रतिशत और दूसरे चरण में 68 प्रतिशत से ज्यादा मतदान हुआ है। हालांकि कभी भी एग्जिट पोल वास्तविक परिणामों पर खरे नहीं उतरे हैं। इसलिए जिन दलों के विरुद्ध अनुमान गए हैं, उन्हें 14 नवंबर को वास्तविक परिणाम नहीं आने तक निराश होने की जरूरत नहीं है। चुनाव पूर्व जनमत सर्वेक्षण एक नया विषय है। यह 'सेफोलॉजी' मसलन जनमत सर्वेक्षण विज्ञान के अंतर्गत आता है। भारत के गिने-चुने विश्वविद्यालयों में राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम के तहत सेफोलॉजी को पढ़ाने की शुरुआत हुई है। जाहिर है, विषय और इसके विशेषज्ञ अभी अपरिपक्व अवस्था में हैं। परिपक्व चुनाव विश्लेषक के रूप में अब तक योगेन्द्र यादव और फिर प्रशांत किशोर को माना जाता रहा है। इस नजरिए से यादव और किशोर का सम्मान और विश्वसनीयता भी जनता में बरकरार थे, लेकिन बाद में राजनीति से सीधे जुड़ने के बाद वे सर्वे के अनुमानों से बाहर हैं। सर्वेक्षणों पर शक की सुई इसलिए भी जा ठहरती है कि पिछले कुछ सालों में निर्वाचन-पूर्व सर्वेक्षणों की बाढ़ सी आई हुई है। इनमें तमाम कंपनियां ऐसी हैं, जो धन लेकर सर्वे करती हैं। गोया, छोटे पर्दे पर नतीजे इकतरफा नहीं आने के क्रम में कांग्रेस प्रवक्ता सुष्मिता देव ने एजेंसियों के सर्वेक्षण पर तंज कसते हुए कहा था कि इन्हें अभी और सीखने की जरूरत है, जिससे परिणाम परिपक्व दिखें। चूंकि कई बार अनुमान सटीक नहीं बैठे, बावजूद एजेंसियों ने कभी दलों और मतदाताओं से विनम्रता के साथ माफी नहीं मांगी। बेबाकी के लिए मशहूर दिग्विजय सिंह ने तो यहां तक दावा किया था कि 'धन देकर पार्टियां अपने अनुकूल सर्वे करा लेती हैं।' इसे नकारने की बजाय, गंभीरता से लेने की जरूरत है। दिग्विजय सिंह की यह बात भरोसा करने वाली है कि सर्वे संस्थान धन लेकर जनमत सर्वेक्षण करने में लगे हैं। वैसे भी किसी भी प्रदेश के करोड़ों मतदाताओं की मंशा का आकलन महज कुछ हजार मतदाताओं की राय लेकर सटीक नहीं जानी जा सकती है। कभी-कभी ये अटकलें खरी उतर जाती हैं। ओपिनियन पोल मतदाता को गुमराह कर निष्पक्ष चुनाव में बाधा बन रहे हैं। इसीलिए पूर्व महाधिवक्ता गुलाम ई वाहनवती ने केंद्र सरकार को निर्वाचन पूर्व सर्वेक्षणों पर रोक लगाने की सलाह दी थी। वैसे भी ये सर्वेक्षण वैज्ञानिक नहीं हैं, क्योंकि इनमें पारदर्शिता की कमी है और ये किसी नियम से बंधे नहीं हैं। साथ ही ये सर्वे कंपनियों को धन देकर कराए जा सकते हैं। बावजूद इन्हें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बहाने ढोया जा रहा है। जबकि ये पेड न्यूज की तर्ज पर 'पेड ओपिनियन पोल' में बदल गए हैं। इसीलिए इसके परिणाम भरोसे के तकाजे पर खरे नहीं उतरते। सर्वे कराने वाली एजेंसियां भी स्वायत्त होने के साथ जवाबदेही के बंधन से मुक्त हैं। गोया, इन पर भरोसा कैसे किया जाए? दरअसल चुनाव आयोग ने 21 अक्टूबर 2013 को सभी राजनीतिक दलों को एक पत्र लिखकर, चुनाव सर्वेक्षणों पर राय मांगी थी। दलों ने जो जवाब दिए, उससे मत भिन्नता पेश आई। वैसे भी बहुदलीय लोकतंत्र में एकमत की उम्मीद बेमानी है। जाहिर है, कांग्रेस ने सर्वेक्षण निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले बताए थे। बसपा ने भी असहमति जताई थी। माकपा की राय थी कि निर्वाचन अधिसूचना जारी होने के बाद सर्वेक्षणों के प्रसारण और प्रकाशन पर प्रतिबंध जरूरी है। तृणमूल कांग्रेस ने आयोग के फैसले का सम्मान करने की बात कही थी। जबकि भाजपा ने इन सर्वेक्षणों पर प्रतिबंध लगाना संविधान के विरुद्ध माना था। दरअसल ज्यादातर चुनाव सर्वेक्षण भाजपा के पक्ष में आते रहे हैं। भाजपा ने तथ्य दिया था कि सर्वेक्षणों में दर्ज मतदाता या व्यक्ति की राय भाषण या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार क्षेत्र का ही मसला है। तय है, दलों की दलीलें अलग-अलग रुझान, भ्रम और गुमराह की मनस्थिति पैदा करने वाली थीं, इसलिए आयोग भी हाथ पर हाथ धरे बैठा रह गया। राजनैतिक दलों और सर्वेक्षण कंपनियों के जो पैरोकार इन सर्वेक्षणों को अभिवयक्ति की स्वतंत्रता के बहाने जारी रखने की बात कह रहे हैं, उन्हें सोचने की जरुरत है कि संविधान के अनुच्छेद 19-



1 में दर्ज अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और प्रेस की आजादी के मौलिक अधिकारों के प्रावधानों का दुरुपयोग भी हुआ है। हर एक चुनाव में पेड न्यूज के जरिए दलों और उम्मीदवारों का प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मिडिया ने कितना आर्थिक दोहन किया, यह सक्रिय राजनीति और पत्रकारिता से जुड़ा हर व्यक्ति जानता है ? दरअसल संविधान की मूल भावना, 'अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता' की ओट में ही मीडिया का उम्मीद से ज्यादा व्यवसायीकरण हुआ है। मीडिया में मीडिया से इतर व्यवसाय वाली कंपनियों ने बड़ी पूंजी लगाकर प्रवेश किया और देखते-देखते मीडिया के अनेक निष्पक्ष स्वायत्त घरानों, मंचों, पत्रकार समितियों व संस्थानों पर कब्जा कर लिया। नतीजतन मीडिया पर स्वामित्व मुट्ठी भर लोगों का हो गया। इसी का परिणाम है कि भूमि, खनिज, शराब और चिटफंड कंपनियों का भारतीय मीडिया पर एकाधिकार हो गया है। जाहिर है, पेड न्यूज के सिलसिले में तो मीडिया पहले ही अपना विश्वास खो चुका है और अब पेड ओपिनियन और एग्जिट पोल खालिस मुनाफाखोरी की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## बाल दिवस विशेष

डा. रमेश ठाकुर



# बालमन को समझने वाला चाहिए एक और 'चाचा'

बाल समस्याओं की भरमार है। कुछ समस्याएं ऐसी होती हैं जिन्हें समझने वाले और महसूस करने वालों का अकाल है। आज 'बाल दिवस' है जिसका सीधा संबंध पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू उर्फ चाचा से है। पर, ज्यादातर ये नहीं जानते कि नेहरू जी आखिर बच्चों के 'चाचा' बने कैसे? इस रहस्य से अधिकांश अनभिज्ञ है। वैसे, 'बाल दिवस' आजाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू के जन्मदिवस पर मनाया जाता है। उनका जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद में हुआ था। जबकि, ये दिवस संयुक्त राष्ट्र द्वारा अधिकृत 20 नवंबर को पूरे विश्व भर में मनाया जाता है। साल 1964 में पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद, भारतीय संसद में उनके जन्मदिन को देश में आधिकारिक तौर पर 'बाल दिवस' के रूप में स्थापित करने का प्रस्ताव एकमत से जारी किया गया। क्योंकि वह बच्चों के नितांत प्रिय हुआ करते थे। उनका बच्चों के प्रति लगाव देखने लायक था। सन् 1954 में, संयुक्त राष्ट्र की ओर से 20 नवंबर को अंतरराष्ट्रीय बाल दिवस घोषित किया गया था। पर, भारत ने इस दिवस को 14 नवंबर यानी पंडित नेहरू के जन्मदिन पर मनाने का निर्णय लिया। हिंदुस्तान में इस दिन को बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, उन्हें सुरक्षित वातावरण देना और उनकी शिक्षा व स्वास्थ्य पर ध्यान देने पर केंद्रित होता है। बच्चों के प्रति बढ़ते अत्याचार, बाल श्रम, और शिक्षा की कमी जैसी समस्याओं पर जागरूकता निरंती फैलती रहनी चाहिए। बच्चों को बचपन में सही मार्गदर्शन और प्यार दिया जाना चाहिए। सभी के बच्चे बिना किसी भेदभाव के स्वतंत्र रूप से सीखने और बढ़ने का अधिकार रखते हैं। पंड़ति नेहरू की जैसे ही नजर बच्चे के रोने पर पड़ी, उन्होंने अपना भाषण रूकवाया और तुरंत अपने अंगरक्षक जोगेंद्र सिह को बच्चा और उसकी मां को मंच पर लाने को कहा, मां अपने बच्चे के साथ जैसे ही मंच पर चढ़ी, नेहरू ने आगे बढ़कर स्वंय बच्चे को अपने गोद में उठा लिया। बच्चा पंड़तिजी की गोद में जाते ही चुप हो गया और उनके जेब में लगे पेन से खेलने लगा। बच्चे के प्रति नेहरू के प्यार-स्नेह को देखकर सभा में उपस्थित लोग अचंभित हो गए और उसी समय से लोगों ने उन्हें 'चाचा' कहना शुरू कर दिया। बच्चों के प्रति उनकी उदारता, दयालुपन, स्नेहभाव और दीवानगी की ललक हम सभी में भी जगे, उसी मकसद को आज का ये खास दिवस पूरा करता है। बच्चे से प्यार तो हर कोई करता है। पर, नेहरू का प्यार बेशकीमती, अद्भुत, चमत्कारी होता था। रोते हुए बच्चे भी उनके सम्मुख जाकर एकाएक चुप हो जाते थे। बच्चों को चुप कराने की उनके पास पता नहीं कौनसी अद्भुत कला थी, जो सभी आश्चर्यचकित करती थी। सालाना हिंदुस्तान में 'बाल दिवस' बड़े उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। ये दिवस बच्चों को ढेर सारा स्नेह, उपहार और लाड-प्यार देने को समर्पित होता है। जवाहरलाल नेहरू शुरू से बच्चों के अधिकारों और एक शिक्षा प्रणाली के पक्षधर और समर्थक रहे थे। वह प्रत्येक बच्चे को देश का आने वाला भविष्य कहते थे, बच्चा बेशक कितना भी नटखट क्यों न हो, वह उनकी भी भरपूर सराहना करते थे। फूलपुर की चुनावी सभा में नेहरू ने अपने प्रसिद्ध भाषणों में एक बार कहा था कि बच्चे बगीचे में कलियों की तरह होते हैं और उनका सावधानीपूर्वक और प्यार से पालन-पोषण करना चाहिए, क्योंकि वे देश का भविष्य और कल के नागरिक हैं। मौजूदा वक्त में जिस बेहिसाब से समूचे देश के नौनिहालों के प्रति अत्याचार, विभिन्न किस्म की समस्याएं और अपराध बढ़े हैं, वो अगर जिंदा होते तो बहुत दुखी होते। एनसीआरबी की सालाना रिपोर्ट बच्चों के गायब होने के जो आंकड़े प्रस्तुत करती है, वो निश्चित रूप से डरावने होते हैं। तमाम हुकूमती कोशिशों के बावजूद बाल समस्याएं रुकने का नाम नहीं लेती। बाल दिवस के मौके पर आज देशभर के स्कूलों में गायन, निबंध, वाद-विवाद, खेलकूद जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। दरअसल, 'नेशनल बाल दिवस' पं. नेहरू को सच्ची श्रद्धांजलि देने का भी दिन कहा जाता है, जो उसके हकदार भी हैं। नेहरू बच्चों को राष्ट्र की संपत्ति मानते थे। साथ ही वह अक्सर नौनिहालों को मुल्क का सबसे कीमती संसाधन के रूप में भी संदर्भित करते थे। इसलिए, अपने युवा नागरिकों के जीवन की बेहतरी के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता की पुष्टि करने के लिए उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। आज इस दिवस के जरिए बच्चों में खुशियां, उनके अधिकारों और उनके उज्ज्वल भविष्य को संवारने के लिए जागरूकता भी फैलाई जाती है। बच्चों के प्रति जागरूकता को बढ़ाना और उन्हें एक सुरक्षित, खुशहाल और शिक्षा से भरपूर जीवन देने के लिए आज सभी को संकल्पित भी होना चाहिए।

(लेखक बाल संरक्षण कार्यकर्ता हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## क्षमा करें और भूल जाएं



संकलित
**दर्शन**

जीवन में हमें कई बार चुनौतियों और निराशाओं का सामना करना पड़ता है। जीवन में हमारा किसी न किसी ऐसी घटना से साक्षात्कार होता है, जो हमें पसंद नहीं होती या जिसके कारण हमें दुख होता है। जैसे किसी व्यक्ति ने हमारा किसी तरह अनुचित किया हो, शब्दों से हमें भावनात्मक रूप से दुख पहुंचाया हो या शारीरिक कष्ट पहुंचाया हो। परिणाम यह होता है कि हम निराश, दुखी और क्रोधित हो जाते हैं। जब तक हम किसी को क्षमा नहीं करते, तब तक हमारे साथ क्या होता है? हम हमेशा उसी घटना के बारे में सोचते रहते हैं या किसी और से भी उन बातों को दोहराते रहते हैं। कुछ लोग जिनका स्वयं पर नियंत्रण नहीं होता, वे शारीरिक रूप से उस व्यक्ति को हानि पहुंचाते हैं या अपना क्रोध किसी और पर निकालते हैं। ऐसा होने पर हम अपने चारों ओर नकारात्मक वातावरण पैदा कर लेते हैं। अपने मन की शांति खो देते हैं। कुछ क्षणों में घटित हुई घटना के लिए हम अपने जीवन के तमाम घंटे इस बात में लगा देते हैं कि उसका बदला कैसे लें। यदि हम इसके बजाय क्षमा कर दें तो हम इस समय का शांतिपूर्वक सदुपयोग कर सकते हैं। हम अपना ध्यान उस ओर लगाएं, जो आध्यात्मिक रूप से मददगार हो। जैसे कि पिता-परमेश्वर को याद करना, ध्यान-अभ्यास करना, निष्काम सेवा करना और आध्यात्मिक लाभ प्राप्त करना। आध्यात्मिक मार्ग पर ध्यान-अभ्यास में सफलता अपने मन को स्थिर करके अंतर में ध्यान टिकाने पर निर्भर है। हमारे ध्यान-अभ्यास में जो सबसे बड़ी बाधा है।

## शुभ कार्य तत्काल करो



संकलित
**प्रेरणा**

कोई स्त्री अपने पिता के यहां से लौटी थी, अपने पति से कह रही थी -'मेरा भाई विरक्त हो गया है। वह अगली दीवाली पर दीक्षा लेकर साधु होने वाला है। अभी से उसने तैयारी प्रारंभ कर दी है। वह अपनी संपत्ति की उचित व्यवस्था करने में लगा है।' पत्नी की बात सुनकर पति मुस्कुराया। स्त्री ने पूछा-'तुम हँसे क्यों ? हँसने की क्या बात थी।!' पति बोला-'और तो सब ठीक है, किंतु तुम्हारे भाई का वैराग्य मुझे बहुत अद्भुत लगा। वैराग्य हो गया है दीक्षा लेने की तिथि अभी निश्चित हुई है और वह संपत्ति की उचित व्यवस्था में लगा है।'! भौतिक संपत्ति में बुद्धि और इस उत्तम काम में भी इतनी दूर की योजना! इस प्रकार की तैयारी करके त्याग नहीं हुआ करता। त्याग तो सहज ही हुआ करता है। स्त्री को बुरा लगा वह बोली -'ऐसे ज्ञानी हो तो तुम्हीं क्यों कुछ कर नहीं दिखाते।' 'मैं तो तुम्हारी अनुमति की ही प्रतीक्षा में था।' पुरुष ने वस्त्र उतार दिए और एक धोती मात्र पहने घर से निकल पड़ा। स्त्री ने समझा कि यह परिहास है। थोड़ी देर में उसका पति लौट आवेगा, परंतु वह तो लौटने के लिए गया ही नहीं था। सच है वैराग्य के लिए कोई तिथि नहीं सोची जाती। वैराग्य के लिए मन, कर्म और अपने विचार अपने नियंत्रण में होना जरूरी है। तभी हम वैराग्य के बारे में कल्पना कर सकते हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### जैविक खेती को बढ़ावा मिले

फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीक से कृषि करना जरूरी है, क्योंकि इससे किसानों को ज्यादा फायदा हो सकता है। हमारे देश का किसान अब आधुनिक तकनीक से कृषि करने भी लगा है। लेकिन अगर विज्ञान का उचित प्रयोग किया जाए तो यह प्राणी जाति के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है, और अनुचित प्रयोग अभिशाप भी बन जाता है। कुछ किसान अपनी फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए कुछ ऐसी दवाइयों, खादों का प्रयोग करते हैं, जो उनकी फसलों पर विपरीत असर डालता है। फल-सब्जियों की पैदावार या इनकी संभाल करने के लिए भी जो रासायनिक खादों और अन्य कैमिकल का प्रयोग किया जा रहा है, वह भी शरीर के लिए बहुत ज्यादा हानिकारक है। इसलिए जैविक खेती को बढ़ावा देने की सख्त जरूरत है।

*- राजेश सोनी, भाटापारा*

## करंट अफेयर

### लंदन में भारतीय रेस्तरां को बचाने ब्रिटिश शेफ आगे आएं

ब्रिटेन के कुछ प्रमुख खानसामा बृहस्पतिवार को लंदन के सबसे पुराने भारतीय रेस्तरां में से एक 'वीरास्वामी' को बचाने की मुहिम में शामिल हुए। इस रेस्तरां के पट्टे को लेकर गतिरोध पैदा हो गया है जिससे रीजेंट स्ट्रीट से इसे हटाए जाने का खतरा उत्पन्न हो गया है। 'द टाइम्स' में प्रकाशित एक खुले पत्र में, साइरस टोडीवाला, रेमंड ब्लैंक और मिशेल रूक्स जैसे जाने-माने शेफ और रेस्तरां मालिकों ने विक्ट्री हाउस के मालिक क्राउन एस्टेट से अपील की है कि वह 'जिम्मेदारी से काम करें'। विक्ट्री हाउस में अप्रैल 1926 से लगभग 100 वर्षों से यह रेस्तरां स्थित है। गत गर्मियों में, 'वीरास्वामी' के मालिक एमडब्ल्यू ईट को सूचित किया गया कि उनके पट्टे का नवीनीकरण नहीं किया जाएगा, क्योंकि क्राउन एस्टेट भवन की ऊपरी मंजिलों पर स्थित कार्यालयों के लिए भूतल के स्वागत क्षेत्र का विस्तार करना चाहता है। खानसामों ने पत्र में लिखा, 'ऐसे रेस्तरां को कार्यालय में परिवर्तित करना अनुचित होगा। इससे लंदन के रेस्तरां परिदृश्य और हमारी पर्यटन अर्थव्यवस्था, जो शहर के अद्वितीय और विविध स्थलों पर फलती-फूलती है, दोनों के लिए एक गंभीर क्षति होगी।'



## ऑफ बीट

### मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है। न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।



## ट्रेंड

### भारत-नेपाल रेल संपर्क



भारत और नेपाल के बीच विनिमय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं, इससे दोनों देशों के बीच रेल व्यापार संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। नेपाल के उद्योग, वाणिज्य एवं आपूर्ति मंत्री अनिल कुमार सिन्हा के साथ मेरी द्विपक्षीय बैठक के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

**- पीयूष गोयल, केंद्रीय वाणिज्य मंत्री**


### टीबी मुक्त भारत अभियान



टीबी मुक्त भारत अभियान के माध्यम से, हमारा देश शीघ्र पहचान, आधुनिक निदान और सामुदायिक भागीदारी में नए मानक स्थापित कर रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार भी टीबी उन्मूलन के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**


### ईवी बस सेवा



दिल्ली से सोनीपत तक नई अंतरराज्यीय बस सेवाओं की शुरुआत हमारे जन-सुविधा के संकल्प को और मजबूत बनाती है। ये आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल ईवी बसें राजधानी और हरियाणा के बीच यात्रा को और अधिक सहज, तेज़ और भरोसेमंद बनाएंगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### नवीकरणीय ऊर्जा



कल्पना कीजिए कि आपके पास 6-लेन का राजमार्ग है, जिसका एक हिस्सा केवल दो लेन का है। वहां ट्रैफिक जाम होगा, राजमार्ग पर गति का लाभ खो जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा के मामले में यही हो रहा है।

**- अनिल अग्रवाल, उद्यमी**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# ओलंपिक में 100 साल बाद दिखेगा क्रिकेट, महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई और पुरुषों का 29 को

एजेंसी ▶▶| लॉस एंजिल्स

लॉस एंजिल्स ओलंपिक आयोजकों ने 2028 खेलों का पूरा कार्यक्रम जारी किया। इस बार उद्घाटन दिवस पर महिलाओं की 100 मीटर दौड़ को शामिल किया गया है। 14 से 30 जुलाई तक चलने वाले ये खेल अब तक के सबसे बड़े होंगे, जिनमें 49 स्थानों पर 51 स्पर्धाओं में 11,200 खिलाड़ी भाग लेंगे। पहली बार लैंगिक समानता और नए कार्यक्रम निर्धारण को प्राथमिकता दी गई है, जबकि 'सुपर शनिवार' का आयोजन इस खेल का विशेष आकर्षण रहेगा।




### 100 साल बाद क्रिकेट की हो रही वापसी

*क्रिकेट 100 साल से अधिक समय बाद ओलंपिक में वापसी कर रहा है, जिसमें महिलाओं का फाइनल 20 जुलाई 2028 और पुरुषों का फाइनल 29 जुलाई 2028 को होगा। बेसबॉल को भी दोबारा शामिल किया गया है, जिसके मुकाबले 13 जुलाई से डॉजर स्टेडियम में होंगे ताकि खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। इस बार अमेरिकी फ्लैग फुटबॉल और स्क्वैश जैसे नए खेल जोड़े गए हैं, जबकि लैक्रोस 1908 के लंदन ओलंपिक के बाद एक बार फिर वापसी करेगा।*




### महिला खिलाड़ियों पर दिया गया विशेष जोर

लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 खेल इतिहास में लैंगिक समानता की नई मिसाल कायम करेगा। इस बार कुल प्रतिभागियों में 50.5 प्रतिशत महिला खिलाड़ी होंगी और पहली बार सभी टीम खेलों में पुरुषों के बराबर या उनसे अधिक महिला टीमें भाग लेंगी। 15 जुलाई को उद्घाटन दिवस पर अब तक की सबसे अधिक महिला फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनकी शुरुआत महिला ट्रायथलॉन से होगी और समापन रोमांचक 100 मीटर दौड़ से होगा।

### ओलंपिक में पहली बार होगा ऐसा

ओलंपिक इतिहास में पहली बार एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं पूरे खेल अवधि के दौरान आयोजित की जाएंगी। आयोजकों ने पारंपरिक कार्यक्रम में बड़े बदलाव किए हैं ताकि खिलाड़ियों को बेहतर माहौल मिल सके। मौसम को ध्यान में रखते हुए कई प्रतियोगिताओं का समय बदला गया है। सैंटा एनीटा में होने वाली घुड़सवारी स्पर्धाओं को शाम के सत्र में रखा गया है, ताकि खिलाड़ियों को ठंडे और अनुकूल मौसम में प्रदर्शन करने का अवसर मिले।

### सुपर शनिवार में 23 खेल होंगे

तैराकी प्रतियोगिताओं को दूसरे सप्ताह में स्थानांतरित किया गया है क्योंकि सोफी स्टेडियम में उद्घाटन समारोह के साथ-साथ तैराकी स्पर्धाएं भी होंगी। 29 जुलाई को सुपर शनिवार के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें 23 खेलों की 26 फाइनल स्पर्धाएं होंगी, जिनमें 15 टीम इवेंट्स के स्वर्ण और कांस्य मुकाबले तथा 15 व्यक्तिगत खेलों के फाइनल शामिल हैं। मैराथन दौड़ें अंतिम सप्ताहांत में होंगी। महिलाओं की 29 जुलाई को और पुरुषों की 30 जुलाई को आयोजित की जाएंगी।

### जनवरी से मिलेंगे टिकट

लॉस एंजिल्स ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण जनवरी में शुरू होगा। लगभग 1.4 करोड़ टिकट उपलब्ध कराए जाएंगे, जिनकी कीमतों की जानकारी बाद में जारी की जाएगी। आयोजकों ने स्पष्ट किया है कि टिकटों पर गतिशील मूल्य निर्धारण प्रणाली लागू नहीं होगी। अमेरिका के विभिन्न शहरों में खेले जाने वाले ओलंपिक फुटबॉल टूर्नामेंट और लॉस एंजिल्स पैरालंपिक से जुड़ी जानकारी भी आगामी समय में घोषित की जाएगी।

---

## खबर संक्षेप



### विश्व कप विजेता दीप्ति का आगरा में जोरदार स्वागत

**आगरा।** अपने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन से भारत को पहली बार महिला विश्व कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली दीप्ति शर्मा का यहां अपने घर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान 10 किलोमीटर लंबा रोड शो भी किया गया। भारत ने दो नवंबर को नवी मुंबई में खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को 52 रन से हराया था। जिसमें दीप्ति ने अर्धशतक बनाने के अलावा पांच विकेट भी लिए थे। टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गईं दीप्ति के सम्मान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित रोड शो में हजारों लोगों ने हिस्सा लिया। रोड शो में शामिल हुए तथा रोड शो के मार्ग पर झंडे लहराते हुए और फूल बरसाते हुए नजर आए। समारोह के दौरान सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए 150 से अधिक पुलिस और यातायात कर्मियों को तैनात किया गया था।

### इंडियन पिकलबॉल लीग एक दिसंबर से दिल्ली में



**नई दिल्ली।** पहली इंडियन पिकलबॉल लीग का आयोजन राष्ट्रीय राजधानी में एक से सात दिसंबर तक किया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि लीग में हिस्सा लेने वाली टीम में भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों को जगह मिलेगी। एक हफ्ते के टूर्नामेंट के दौरान पहले राउंड रोबिन मुकाबले और फिर नॉकआउट दौर होगा। भारतीय पिकलबॉल संघ के अध्यक्ष सूर्यवीर सिंह भुल्लर ने कहा, ''आईपीबीएल का शुभारंभ भारत में पिकलबॉल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह लीग इस खेल को अगले स्तर तक ले जाने के लिए आवश्यक पैमाने और संरचना का प्रतिनिधित्व करती है।''

### भारत की अनुपमा ने विश्व स्नूकर खिताब जीता

**दोहा।** भारत की अनुपमा रामचंद्रन ने दबाव में अपना धैर्य बनाए रखते हुए बृहस्पतिवार को हांगकांग की एनजी ऑन यी को हराकर विश्व स्नूकर खिताब जीत लिया। चेन्नई की 23 वर्षीय अनुपमा ऑन यी को 3-2 से हराकर आईबीएसएफ विश्व स्नूकर (15 रेड) का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। पिछले साल एशियाई स्नूकर का खिताब जीतने वाली अनुपमा को अंत में भाग्य का साथ मिला जब तीन बार की चैंपियन ऑन यी निर्णायक गेम में 60-61 के स्कोर पर अंतिम शॉट में चूक गईं। इसके बाद अनुपमा ने खिताब अपने नाम कर लिया। अनुपमा ने बुधवार देर रात सेमीफाइनल में हमवतन कीर्तना पांडियन को 3-1 से हराया था। बेस्ट ऑफ फाइव फ्रेम के फाइनल में अनुपमा ने पहला फ्रेम गंवाने के बाद अगला फ्रेम जीतकर स्कोर 1-1 किया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरा फ्रेम गंवाया।

---

## पहला टेस्ट सुबह 9:30 बजे से कोलकाता के ईडन गार्डन स्टेडियम में

# टीम इंडिया घरेलू मैदान का उठाना चाहेगी फायदा दक्षिण अफ्रीका के स्पिनरों से निपटना कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

भारतीय क्रिकेट टीम और दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के बीच टेस्ट सीरीज का पहला मैच आज 14 नवंबर से कोलकाता के ऐतिहासिक ईडन गार्डन स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय टीम घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने की कोशिश करेगी। दूसरी तरफ तेम्बा बावुमा की कप्तानी में प्रोटियाज टीम कड़ी चुनौती देने का प्रयास करेगी। सीरीज का पहला मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के बेहतरीन स्पिन आक्रमण के सामने भारत के सितारा बल्लेबाजों के कौशल की असली परीक्षा होगी जब दोनों टीमें दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट में आमने सामने होंगी। दक्षिण अफ्रीका का गेंदबाजी आक्रमण इस समय स्पिनरों पर निर्भर है और ऐसे में मेजबान टीम को धीमे गेंदबाजों के खिलाफ अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियन दक्षिण अफ्रीका आम तौर पर अच्छे तेज गेंदबाजों के लिये जानी जाती रही है लेकिन इस समय उसके पास धुरंधर स्पिनर हैं।



### लगभग बराबरी का रहा है आपसी मुकाबला

टेस्ट क्रिकेट में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच 44 मुकाबले खेले गए हैं। इस दौरान भारतीय टीम को 16 मैच में जीत मिली है और 18 मुकाबलों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। 10 मैच दोनों टीमों के बीच ड्रॉ रहे हैं। भारत की धरती पर दोनों टीमों के बीच 19 टेस्ट खेले गए हैं। 11 मैच में भारतीय टीम को जीत और 5 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा (ड्रॉ- 3) है।

### इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली घरेलू सीरीज में 3 पारियों में 196 रन बनाए थे। उनका हालिया प्रदर्शन शानदार रहा है। बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 8 टेस्ट खेले हैं, जिसमें 20.76 की औसत के साथ 38 विकेट लिए हैं। वह भारत में 17.59 की औसत के साथ 54 विकेट ले चुके हैं। रबाडा ने भारत के खिलाफ 14 टेस्ट में 22.60 की औसत से 55 सफलताएं हासिल की।

### संभावित एकादश

**भारत :** शुभमन गिल (कप्तान), केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन, ऋषभ पंत (उपकप्तान/विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल, रविंद्र जडेजा, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, और मोहम्मद सिराज।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, टोनी डी जोरजी, काइल वेरिन (विकेटकीपर), सेनुरन मुथुसामी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, केशव महाराज, और कगिसो रबाडा।

---

## एशियाई तीरंदाजी

# ज्योति सहित भारतीय महिला और मिश्रित टीम को स्वर्ण पदक



एजेंसी ▶▶| ढाका

भारत के कंपाउंड तीरंदाजों ने यहां एशियाई चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण और एक रजत पदक जीते।

अनुभवी तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम ने महिला व्यक्तिगत वर्ग में पहला स्थान हासिल किया। इससे पहले उन्होंने दीपशिखा और प्रितिका प्रदीप के साथ मिलकर महिला टीम वर्ग में देश को स्वर्ण पदक दिलाया। भारतीय महिला टीम ने कोरिया को फाइनल में 236-234 से हराया। तीनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोरिया की पार्क येरिन, ओ यूहयून और जुंगियून पार्क को मात दी।

### ज्योति ने हराया हमवतन प्रितिका को

एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति ने कंपाउंड महिला व्यक्तिगत वर्ग के फाइनल में 17 साल की हमवतन प्रितिका पर 147-145 से जीत दर्ज कर खिताब जीता। ज्योति ने सेमीफाइनल में चीनी ताइपे की सि यु चेन को 149-143 से हराने के दौरान केवल एक अंक गंवाया था जबकि प्रितिका ने अंतिम चार में घरेलू प्रबल दावेदार कुलसुम अख्तर मोन को 146-145 से पराजित किया था।

### अभिषेक और दीपशिखा ने जीता स्वर्ण पदक

कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में अभिषेक वर्मा और दीपशिखा ने बांग्लादेश को 153-151 से हराकर स्वर्ण जीता। हालांकि कंपाउंड पुरूष टीम फाइनल में भारत को कजाखस्तान से 230-229 से हार का सामना करके रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में अभिषेक वर्मा, साहिल राजेश जाधव और प्रथमेश फुगे थे जबकि कजाखस्तान टीम में दिलमुखामेत मुसा, बुनियोद मिर्जामितोव और आंद्रेइ युतयुन शामिल थे।

---

## बैडमिंटन

# लक्ष्य जापान मास्टर्स के क्वार्टर फाइनल में, प्रणय हारकर बाहर



एजेंसी ▶▶| कुमामोतो (जापान)

भारत के स्टार शटलर लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके कुमामोतो मास्टर्स जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन एचएस प्रणय का सफर दूसरे दौर में ही समाप्त हो गया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता सेन ने 39 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया के 20वें नंबर के खिलाड़ी तेह को 21-13, 21-11 से हराया। विश्व के 15वें नंबर के खिलाड़ी सेन का क्वार्टर फाइनल में मुकाबला सिंगापुर के पूर्व विश्व चैंपियन लोह कीन यू से होगा। भारत के एक अन्य खिलाड़ी प्रणय को हालांकि 46 मिनट तक चले दूसरे दौर के मैच में डेनमार्क के रासमस गेम्के के हाथों 18-21, 15-21 से हार का सामना करना पड़ा।



### लक्ष्ये ने शुरू से ही बना ली थी बढ़त

लक्ष्य ने पहले गेम में 8-5 की बढ़त बना ली थी। इसके बाद तेह ने कुछ देर के लिए 10-9 की मामूली बढ़त हासिल कर ली, लेकिन ब्रेक तक भारतीय खिलाड़ी ने फिर बढ़त बना ली। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-13 के स्कोर तक कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन इसके बाद लक्ष्य ने लगातार सात अंक बनाकर पहला गेम अपने नाम कर दिया।

---

# भारतीय महिला टेनिस टीम की अग्निपरीक्षा आज से

**बेंगलुरू।** भारतीय महिला टेनिस टीम बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) क्वालीफायर्स में जगह बनाने के लिए आज शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे प्ले ऑफ में नीदरलैंड और स्लोवेनिया जैसे मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को घरेलू मैदान पर हराने की उम्मीद के साथ कोर्ट पर उतरेगी। भारतीय टीम चार नवंबर से शहर में डेरा डाले हुए है। गैर खिलाड़ी कप्तान विशाल उप्पल ने उम्मीद जताई कि 10 दिवसीय अभ्यास शिविर से उनके खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। भारत नीदरलैंड और स्लोवेनिया के साथ ग्रुप जी में है। भारतीय अभियान का नेतृत्व सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदीपती, अंकिता रैना, रिया भाटिया और प्रार्थना थोम्बरे करेंगे।



### भारतीय टीम के मैच का शेड्यूल


शुक्रवार को नीदरलैंड और स्लोवेनिया के बीच मुकाबला होगा। भारत का पहला मुकाबला शनिवार को स्लोवेनिया से होगा और उसके बाद रविवार को वह सातवीं वरीयता प्राप्त नीदरलैंड से भिड़ेगा। यह पहला अवसर है जबकि भारत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है।

---

# यानिक सिनर ने एटीपी फाइनल्स के सेमीफाइनल में जगह की पक्की

एजेंसी ▶▶| तूरिन (इटली)

गत चैंपियन यानिक सिनर ने घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के बीच अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-4, 6-3 से हराकर एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। सिनर ने इनडोर हार्ड कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला 28 मैचों तक बढ़ा दिया है। यह सिलसिला दो साल पहले इस प्रतियोगिता के फाइनल में नोवाक जोकोविच से मिली हार के बाद शुरू हुआ था। यह सिनर की ज्वेरेव पर लगातार पांचवीं जीत है, जिसमें इस वर्ष का ऑस्ट्रेलियाई ओपन का फाइनल भी शामिल है।



### अन्य खिलाड़ियों का ऐसा प्रदर्शन

सिनर दो जीत के साथ ब्योर्न बोर्ग ग्रुप में शीर्ष पर पहुंच गए हैं, जबकि ज्वेरेव और फेलिक्स ऑगर अलियासिमे ने एक-एक जीत हासिल की है। बेन शेल्टन अभी तक एक भी मैच नहीं जीत पाए हैं। एक अन्य मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त ऑगर अलियासिमे ने शेल्टन को 4-6, 7-6 (7), 7-5 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत दर्ज की।

---

## श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड का फरमान, दूसरा वन-डे आज

# पाक में धमाके के बावजूद श्रीलंका खेलेगी पूरी सीरीज

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले के बाद सुरक्षा चिंताओं के बावजूद अपनी टीम को पाकिस्तान का दौरा जारी रखने का आदेश दिया है। कई खिलाड़ियों ने घर लौटने की इच्छा जताई थी, लेकिन बोर्ड ने चेतावनी दी कि ऐसा करने वालों पर औपचारिक समीक्षा की जाएगी। बोर्ड ने कहा कि जरूरत पड़ने पर वह खिलाड़ियों के स्थान पर नए खिलाड़ी भेजेगा। बता दें, हमले में 12 लोगों की मौत और 27 घायल हुए थे।

### शेड्यूल में हुआ बड़ा बदलाव

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने दूसरे और तीसरे वनडे मैचों का शेड्यूल बदल दिया है। अब दूसरा मैच गुरुवार की बजाय शुक्रवार (14 नवंबर) और तीसरा मैच शनिवार की बजाय रविवार (16 नवंबर) को रावलपिंडी में खेला जाएगा। पीसीबी के प्रमुख और पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया पर नया कार्यक्रम साझा करते हुए श्रीलंकाई टीम का आभार जताया है। श्रीलंका ने हालिया सुरक्षा चिंताओं के बावजूद पाकिस्तान दौरा जारी रखने का फैसला किया है।



### श्रीलंका का खिलाड़ियों के लिए आदेश

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों को भरोसा दिलाया कि उनकी सभी सुरक्षा चिंताओं पर पीसीबी और संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। बोर्ड ने बयान जारी कर कहा कि खिलाड़ियों से तुरंत बातचीत की गई और उन्हें आश्वस्त किया गया कि दौरे पर मौजूद प्रत्येक सदस्य की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं।

### खिलाड़ी अगर घर लौटे तो तुरंत नए सदस्य आएंगे

एसएलसी ने यह स्पष्ट किया कि जो खिलाड़ी या सहयोगी स्टाफ सदस्य घर लौटना चाहेंगे, उनकी जगह तुरंत नए सदस्य भेजे जाएंगे ताकि सीरीज बिना बाधा जारी रह सके। बोर्ड ने कहा कि यह फैसला खिलाड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और मौजूदा दौरे की निरंतरता बनाए रखने की प्रतिबद्धता के तहत लिया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25




युद्धाभ्यास 'अखंड प्रहार'

# जैसलमेर के रेगिस्तान में सैन्य क्षमता का जबरदस्त प्रदर्शन

*एक्सरसाइज अखंड प्रहार के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया। इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था*

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय सेना ने जैसलमेर के रेगिस्तानी इलाके में जबरदस्त सैन्य क्षमता का प्रदर्शन किया है। यहां ड्रोन, मानवरहित प्रणालियां, एंटी-ड्रोन सिस्टम तथा इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर ग्रिड का प्रदर्शन किया गया। भारत में बने ये स्वदेशी हथियार व प्रौद्योगिकी 'आत्मनिर्भर भारत' की भावना को सशक्त बनाते हैं। यहां 'एक्सरसाइज अखंड प्रहार' के अंतर्गत कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का सफल परीक्षण किया गया। इसमें थलसेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं का समन्वित संचालन शामिल था। इसमें मैकेनाइज्ड और इन्फैंट्री युद्धाभ्यास, 'रुद्र ब्रिगेड' द्वारा भूमि अभियानों का निष्पादन, स्पेशल हेलिबोर्न ऑपरेशन्स तथा आर्मी एविएशन के अटैक हेलीकॉप्टर मिशनों का समन्वय किया गया। इस दौरान भारतीय थलसेना और भारतीय वायुसेना के बीच निर्बाध तालमेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को भी मिला। सेना अब और तेज गति वाले अभियानों के लिए तैयार है।

> भारतीय थलसेना और वायुसेना के बीच बेहतर तालमेल दिखा

> स्वदेशी ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम का उपयोग किया



दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ कोणार्क कोर की पूर्ण स्पेक्ट्रम युद्ध क्षमता का निरीक्षण करते हुए



जनरल धीरज सेठ जवानों से चर्चा करते हुए

**कोणार्क कोर की तैयारियों की समीक्षा की:** दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, पीवीएसएम, एवीएसएम, ने त्रिसेवा अभ्यास के भाग के रूप में रेगिस्तानी क्षेत्र में आयोजित युद्धाभ्यास अखंड प्रहार के दौरान कोणार्क कोर की परिचालन तैयारियों की समीक्षा की।

भारत-अमेरिका वायु सेनाओं ने दिखाया दम

## संयुक्त अभ्यास में तकनीकी कौशल का शानदार प्रदर्शन

भारतीय वायुसेना और संयुक्त राज्य अमेरिका की वायु सेना के बीच चल रहा 4 दिवसीय संयुक्त युद्धाभ्यास गुरुवार को संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य वायु सेनाओं के बीच आपसी समझ, सामरिक सहयोग और अंतर संचालन क्षमता को बढ़ाना है। अभ्यास में अमेरिकी वायुसेना ने अपने अत्याधुनिक बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान के साथ भाग लिया है। बी-1बी लांसर अपनी लंबी दूरी की प्रहार क्षमता और सटीक टारगेट तकनीक के लिए प्रसिद्ध है। भारतीय वायुसेना की ओर से यहां विभिन्न अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, परिवहन विमान और वायु रक्षा प्रणालियों ने हिस्सा लिया है। अभ्यास के दौरान दोनों सेनाओं ने एक साथ कई जटिल युद्ध परिदृश्यों पर कार्य किया है। इनमें एयर डिफेंस ऑपरेशन, स्ट्राइक मिशन, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, हवा में ईंधन भरना और संयुक्त मिशन योजना शामिल रही। इस दौरान पायलटों और तकनीकी दलों ने एक-दूसरे की रणनीतियों, तकनीकों और संचालन प्रक्रियाओं से महत्वपूर्ण अनुभव साझा किया।



अमेरिका का बी-1बी लांसर सुपरसॉनिक बमवर्षक विमान

**स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण किया:** भारतीय सेना ने बताया कि यहां वायुसेना के लड़ाकू ज़मीनी हमले अभियानों के माध्यम से भारतीय वायुसेना के साथ सहज तालमेल का प्रदर्शन किया गया। इस अभ्यास में स्वदेशी प्रौद्योगिकियों का वास्तविक युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण किया गया। 'अखंड प्रहार' अभ्यास ने कोणार्क कोर की आधुनिक, फुर्तीली और नेटवर्क-सक्षम क्षमता को उजागर किया है।



बोत्सवाना में नेशनल असेंबली में संबोधन देती हुई राष्ट्रपति मुर्मू

## दोनों देश के बीच रक्षा सहित कई क्षेत्र में सहयोग निरंतर मजबूत हो रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि भारत के विकसित भारत 2047 विजन और अफ्रीका के एजेंडा 2063 के तहत दोनों देश मिलकर एक न्यायपूर्ण, टिकाऊ और समावेशी वैश्विक व्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत और बोत्सवाना की साझेदारी लोकतंत्र, मानव गरिमा और समान विकास के साझा मूल्यों पर आधारित है। राष्ट्रपति मुर्मू ने गुरुवार को बोत्सवाना की राजधानी गाबोरोन में नेशनल असेंबली को संबोधित करते हुए कहा कि बोत्सवाना लोकतंत्र, सुशासन और प्रभावी नेतृत्व का उदाहरण है, जहां राष्ट्रीय संसाधनों का उपयोग समाज के वंचित वर्गों के उत्थान और सर्वांगीण विकास के लिए किया जाता है। इस अवसर पर उनका स्वागत स्पीकर दिथापेलो एल केओरापेत्से, उपाध्यक्ष और विपक्ष के नेता ने किया।

**एक हजार से अधिक युवाओं ने भारत में प्रशिक्षण प्राप्त किया:** राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत और बोत्सवाना के बीच सहयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रौद्योगिकी, कृषि, रक्षा, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निरंतर मजबूत हुआ है। भारत बोत्सवाना के मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण में अपनी भागीदारी पर गर्व महसूस करता है।




## पार्टियों में समझौता, 31 जनवरी 2026 तक बिना रोक-टोक कामकाज होगा

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में 43 दिनों तक चले शटडाउन का आखिरकार अंत हो गया है। बुधवार शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शटडाउन खत्म करने के लिए अमेरिकी कांग्रेस से पारित विधेयक पर हस्ताक्षर कर दिए। हस्ताक्षर करने से पहले राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि डेमोक्रेट्स द्वारा लगाए गए शटडाउन ने भारी नुकसान पहुंचाया है। इसके चलते 20 हजार फ्लाइट्स या तो रद्द हुईं या फिर उनमें देरी हुई। 10 लाख से ज्यादा सरकारी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पाया।

## रेल-आधारित माल ढुलाई होगी सुगम मल्टी-मॉडल ट्रेड 'कनेक्टिविटी' होगी

**नई दिल्ली।** भारत और नेपाल ने गुरुवार को रेल-आधारित माल ढुलाई को बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इससे दोनों देशों के बीच व्यापार में बढ़ोतरी होगी। यह समझौता जोगबनी (भारत) और विराटनगर (नेपाल) के बीच रेलवे माल ढुलाई को सुगम बनाएगा, जिसमें विस्तारित परिभाषा के तहत बल्क कार्गो भी शामिल है। यह उदारीकरण प्रमुख ट्रांजिट कॉरिडोर- कोलकाता-जोगबनी, कोलकाता-नौतनवा (सुनौली) और विशाखापत्तनम-नौतनवा (सुनौली) तक विस्तारित है, जिससे दोनों देशों के बीच मल्टी-मॉडल ट्रेड कनेक्टिविटी और तीसरे देशों के साथ नेपाल के व्यापार को मजबूती मिलेगी।

## तुर्किए के बाद अब यूक्रेन से ड्रोन खरीदने में जुटा पाकिस्तान!

**नई दिल्ली (कविता जोशी)।** मौजूदा साल के दो बड़े आतंकवादी हमलों को देखा जाए तो उनमें से एक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुआ हमला और दूसरा 10 नवंबर की रात में लाल किले के पास हुआ हमला है। दोनों में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष तौर पर पाकिस्तान और उसके पाले हुए आतंकवादी संगठनों का ही कनेक्शन सामने आया है। जिसे ऑपरेशन सिंदूर से लेकर आज तक दुनियाभर के देशों की तरफ से सैन्य हथियारों की सप्लाई की जा रही है और वो इनकी मदद से ही भारत के खिलाफ मोर्चा ले रहा है। ताजा मामला पाकिस्तान द्वारा यूक्रेन से की जा रही ड्रोन की खरीद से जुड़ा हुआ है। रक्षा सूत्रों ने बताया कि इस बाबत दोनों देशों के बीच समझौते को लेकर बातचीत जारी है।

